News सिटी चीफ

# सिटी चीफ

वर्ष-14, अंक-318
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

पेज-04

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, मंगलवार 20 फरवरी 2024



**आज का विचार**

आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देगी।
- महात्मा गाँधी

## 59 वर्ष की आयु में ऋतुराज का हार्ट अटैक से निधन

**मुंबई।** अभिनेता ऋतुराज का 59 वर्ष की आयु में हार्ट अटैक से निधन हो गया है। वे अंतिम बार मशहूर टीवी शो अनुपमा में नजर आये थे। उनकी मौत से टीवी जगत के कई सितारे स्तब्ध हैं।अभिनेता ऋतुराज ने न केवल टीवी शो बल्कि कई बॉलीवुड फिल्म में भी काम किया था। उनके निधन पर अभिनेता अरशद वारसी ने दु:ख व्यक्त करते हुए कहा, मुझे यह जानकर बहुत दुख हुआ कि, रितु राज का निधन हो गया। हम एक ही बिल्डिंग में रहते थे। वह एक निर्माता के रूप में मेरी पहली फिल्म का हिस्सा थे। मैंने एक दोस्त और एक महान अभिनेता खो दिया।अभिनेता ऋतुराज की मौत का कारण कार्डिक अरेस्ट हैं। अभिनेता ऋतुराज पिछले कुछ समय से अग्नाशय सम्बंधित बीमारियों से गुजर रहे थे। अचानक हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हो गई। उन्होंने न केवल टीवी सीरियल बल्कि फिलोम में भी



काम किया था। साल 1993 में आए सीरियल %बनेगी अपनी बात में उन्होंने अहम किरदार निभाया था। इसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली थी। वे कई बॉलीवुड फिल्म जैसे बद्रीनाथ की दुल्हनिया, सत्यमेव जयते जैसी फिल्मों में नजर आये हैं। फिल्म निर्माता संदीप सिकंद ने ऋतुराज सिंह के निधन पर एक बयान साझा किया और लिखा,खबर सुनकर मैं सदमे में हूं और दिल टूट गया है। किसी ने सुबह-सुबह मेरे एक व्हाट्सएप ग्रुप पर यह खबर पोस्ट की और तब से मैं सदमे में हूं। मैंने कहानी घर घर की में रितु के साथ मिलकर काम किया। वह उन कुछ अभिनेताओं में से एक थे जिन्होंने शो में मेरा गर्मजोशी से स्वागत किया। यह कहना कि वह एक शानदार अभिनेता थे, एक स्पष्ट बात है, लेकिन एक अभिनेता से अधिक, वह उन बेहतरीन इंसानों में से एक थे जिन्हें मैं जानता हूं। मैं इस खबर से सचमुच दुखी हूं।

### रेल मंत्री अश्विनी का बड़ा ऐलान

## पटरी पर जल्द दौड़ेंगी 50 अमृत भारत एक्सप्रेस

**सिटी चीफ, नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे से हर रोज बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं। ऐसे में यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसके लिए रेलवे लगातार इस पर काम करता है। वंदे भारत एक्सप्रेस की सफलता से उत्साहित होकर चलाई गई अमृत भारत एक्सप्रेस को जनता का खूब प्यार मिला है। इसी कड़ी में भारतीय रेलवे ने अब 50 अमृत भारत ट्रेनों को चलाने का ऐलान किया है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने ऑफिसियल सोशल मीडिया अकाउंट × पर ट्वीट करके इसके बारे में जानकारी दी। सोमवार को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने ऐलान किया कि अमृत भारत ट्रेन को बड़ी सफलता मिली है। इसके चलते 50 अमृत भारत ट्रेनों को मंजूरी दे दी गई है। रेलमंत्री ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर ट्वीट कर इस फैसले की जानकारी दी। अंतरिम बजट से पहले अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि हर साल 300 से 400 अमृत भारत एक्सप्रेस चलाई जाएंगी। अब इस बड़ी घोषणा से उस पर मोहर लग गई है। बता दें कि देश की पहली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन 30 दिसंबर, 2023 को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था।




### आधुनिक सुविधाओं से लैस है अमृत भारत

अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्री कम किराए में बेहतर सफर कर सकेंगे। दे भारत की तरह डिजाइन की गई अमृत भारत एक पुल-पुश ट्रेन है। इसमें आगे और पीछे दो इंजन हैं। इस वजह से यह आसानी से तेज रफ्तार हासिल कर लेती है। साथ ही झटके भी कम लगते हैं। इस वजह से जहां पर भी कोई कर्व या ब्रिज जाता है, उस पर काफी टाइम बचेगा। इसकी अधिकतम रफ्तार 130 किमी प्रति घंटा रखी गई है। पुशपुल टेक्नोलॉजी का मतलब ये है कि इस ट्रेन में दो इंजन हैं एक आगे-दूसरा पीछे। आगे वाला इंजन गाड़ी को पुल करने का काम करेगा तो वहीं दूसरा इंजन उसको पुश करेगा। इसका इंटीरियर भी बिलकुल नया है। ?अमृत भारत नॉन एसी ट्रेन है जबकि वंदे भारत एसी ट्रेन होती है। अमृत भारत में स्लीपर कोच होते हैं जबकि वंदे भारत सिटिंग ट्रेन है। ट्रेन में सामान रखने की पर्याप्त जगह और सीटें आरामदायक हैं।

### ट्रेन में होंगी ये सुविधाएं

अमृत भारत ट्रेनों में आधुनिक मॉड्यूलर टॉयलेट भी हैं। अमृत भारत में कई मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट और मोबाइल होल्डर भी लगे हैं। CCTV कैमरों से लैस ट्रेन की बोगियां, अत्याधुनिक शौचालय, बोगियों में सेंसर वाले वाटर टैप के साथ गॉर्ड और मेट्रो की तर्ज पर अनाउंसमेंट सिस्टम के इंतजाम इस नई ट्रेन में हैं। टॉयलेट के डिजाइन में भी बहुत सारे बदलाव किए गए हैं। खास तौर पर पानी का कम से कम इस्तेमाल हो इसकी व्यवस्था भी की गई है। वहीं, फिजिकली चैलेंज्ड लोगों के लिए टॉयलेट के स्पेस को बड़ा किया गया है। वहीं, अगर सुविधा की बात करें तो इसमें पैसेंजर की सुविधा के लिए ऊपर वाली सीट पर क्यूशन कवर लगाया गया है। इस ट्रेन में 22 कोच होंगे जिनमें लगभग 1500 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। बता दें, इस ट्रेन में 8 जनरल कोच होंगे और 14 स्लीपर कोच इसमें होंगे। वंदे भारत की तर्ज पर अमृत भारत की ड्राइवर सीट को भी डिजाइन किया गया है। इसमें कवच सिस्टम लगाया गया है।

## संदेशखाली जा रहे भाजपा-कम्युनिस्ट नेताओं को पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे

### शुभेंदु बोले- हाईकोर्ट ने हमें इजाजत दी थी, फिर कोर्ट जाएंगे



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना के हिंसा प्रभावित संदेशखाली जा रहे बंगाल भाजपा लीडर शुभेंदु अधिकारी को पुलिस ने नॉर्थ 24 परगना के धमखाली में रोक लिया है। शुभेंदु को कल ही कलकत्ता हाईकोर्ट ने संदेशखाली जाने की इजाजत दी थी। कोर्ट ने निर्देश दिया था कि आप संदेशखाली में कोई असंवेदनशील बयान नहीं देंगे। इलाके में धारा 144 लागू कर दी गई है। शुभेंदु अधिकारी और कम्युनिस्ट पार्टी के नेता यहीं पर धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है। पुलिस का कहना है कि यहां धारा 144 लगाई गई है और राज्य सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ डिविजन बेंच में याचिका दाखिल की है। मैं यहीं बैठकर धरना दूंगा और फिर कोर्ट का रुख करूंगा।

सोमवार को संदेशखाली मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें कोर्ट ने महिलाओं के यौन उत्पीड़न मामले की जांच CBI या SIT से कराने की याचिका को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा था कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने मामले का स्वत- संज्ञान लिया है। इसलिए फैसला भी हाईकोर्ट ही देगा।

बीते 10 दिन से संदेशखाली इलाका तनाव में है। यहां पर TMC नेता शेख शाहजहां और उसके समर्थकों पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया है। महिलाओं का कहना है कि शेख शाहजहां जिसे चाहे उसे अपनी हवस का शिकार बनाता था। शाहजहां राशन घोटाले मामले में श्रष्ठ की रेड के बाद से फरार है। शेख पर श्रष्ठ की टीम पर हमले का भी आरोप है। जमीन हड़पने और महिलाओं के यौन उत्पीड़न मामले में कुल तीन मुख्य आरोपी हैं। इनमें से दो आरोपी अरेस्ट किए जा चुके हैं। पकड़े गए आरोपी की पहचान ज्ञस्न्ह्ट नेता शिब प्रसाद हाजरा और उत्तम सरदार के रूप में हुई है। मामले में अब तक कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**महिलाओं ने कहा- संदेशखाली में रहना खतरनाक**

संदेशखाली की एक महिला ने सोमवार को कहा- ममता बनर्जी के बारे में क्या कहूं। उन्होंने हमारे बारे में न तो कोई पूछताछ की और न ही मिलने आईं। वे भी महिला हैं और हम भी। इन हालात में अगर वे यहां नहीं आईं तो आप स्थिति का अंदाजा लगा सकते हैं।

## आज मतपत्रों की जांच करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** विवादों में रहे चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई है। सोमवार को भी चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली पर सभी पक्षकारों ने अपनी - अपनी दलील दी थी जिसके बाद शीर्ष अदालत ने मंगलवार को मतपत्र और मतगणना की वीडियो रिकॉर्डिंग मांगी थी। आज दोनों ही साक्ष्य कोर्ट के समक्ष पेश किए जाएंगे। अदालत ने अनिल मसीह को भी मंगलवार को कोर्ट में पेश होने के आदेश दिया था। 30 जनवरी को हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई थी। इस चुनाव में आप और कांग्रेस ने मिलकर उम्मीदवार उतारे थे। चुनाव परिणामों के बाद विपक्षी दल ने मतगणना में धांधली के आरोप लगाए थे। मतपत्र के साथ छेड़छाड़ करते



हुए रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह का कथित वीडियो भी विपक्षी पार्टियों ने साझा किया था। इसके बाद यह मामला अदालत में जहां सुनवाई जारी है। अदालत ने 5 फरवरी को रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह को फटकार लगाते हुए कहा था कि, यह स्पष्ट है कि उन्होंने मतपत्रों को विरूपित किया है और उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। अदालत ने मसीह को फटकार लगाते हुए कहा था कि, क्या ऐसे चुनाव कराते हैं यह तो लोकतंत्र की हत्या है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोमवार को चंडीगढ़ प्रशासन को अधिकारी और रिकॉर्ड की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारी को सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया था।

## 2018 के मानहानि मामले में राहुल गांधी को मिली जमानत

### सुलतानपुर कोर्ट से रवाना हुए कांग्रेस नेता

**लखनऊ।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी को मानहानि केस में जमानत मिल गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में यहां चल रहे मुकदमे में सांसद राहुल गांधी मंगलवार को कोर्ट में पेश हुए। भारी सुरक्षा के बीच उनकी पेशी हुई। कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है। राहुल गांधी पेशी के लिए सुलतानपुर कोर्ट पहुंचे थे। सुलतानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने उनको जमानत दे दी और वो वहां से निकल भी गए। बता दें कि राहुल गांधी अमेठी में रूके हैं।

राहुल गांधी के आने पर जिंदाबाद के नारे भी लगे। राहुल गांधी कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट



पहुंचे। राहुल गांधी के समर्थकों का हूजूम यहां उमड़ा। सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी पर पांच साल पहले विशेष न्यायालय में परिवाद दायर किया था, जिसमें कुछ दिन पूर्व निर्णय आया। मामले में न्यायाधीश ने राहुल को पेश होने का आदेश दे रखा है। परिवादी का आरोप है कि 15 जुलाई, 2018 को भाजपा कार्यकर्ता अनिरुद्ध शुक्ल व दिनेश कुमार ने अपने मोबाइल पर एक वीडियो क्लिप दिखाई थी। इसमें राहुल गांधी अमित शाह को हत्यारा कह रहे थे। बयान बेंगलुरु में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के बताए गए हैं, जो जस्टिस लोया की मृत्यु को लेकर थे।

**राहुल पर मानहानि का मुकदमा:** मिश्र के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि परिवादी व दो गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर विशेष दंडाधिकारी योगेश यादव ने राहुल गांधी पर मानहानि का मुकदमा चलाने का आदेश बीते वर्ष 27 नवंबर को दिया था। इसके बाद उपस्थित होने के लिए तीन बार समन जारी किया गया। पिछली पेशी तिथि (18 जनवरी) पर राहुल की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने वकालतनामा दाखिल किया था।

## इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में आग, एक महिला की मौत, पति व बेटा झुलसा

इंदौर। शहर के परदेशीपुरा इलाके की क्लर्क कालोनी में मंगलवार सुबह एक किराना दुकान में आग लग गई। मकान के ऊपरी मंजिल पर आग लगने से परिवार चपेट में आ गया। रेस्क्यू टीम परिवार को बाहर निकाला, लेकिन महिला, पुरुष18 वर्षीय पुत्र आग से झुलस गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग के कारण महिला 60 प्रतिशत जल गई और धुएं के कारण उसकी स्थिति गंभीर थी। महिला की स्थिति गंभीर होने से अस्पताल में उसकी मौत हो गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर नियंत्रण पाकर उसे बुझा दिया है।

## फ्रांस का पासपोर्ट दुनिया का सबसे ताकतवर, भारत 84 से 85वें स्थान पर फिसला

**नेशनल डेस्क।** 2024 के लिए नवीनतम हेनले पासपोर्ट सूचकांक जारी की गई है, जिसमें फ्रांस टॉप स्थान वाला देश बनकर उभरा है, जिसने अपने पासपोर्ट धारकों को 194 देशों में वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान की है। हालाँकि, भारत की पासपोर्ट रैंकिंग में थोड़ी गिरावट आई है और यह पिछले साल की रैंकिंग की तुलना में 84वें से गिरकर 85वें स्थान पर आ गई है। भारतीय पासपोर्ट धारकों द्वारा वीज़ा-मुक्त यात्रा करने वाले देशों की संख्या 60 से बढ़कर 62 हो जाने के बावजूद, रैंकिंग में गिरावट अप्रत्याशित हो सकती है। फ़्रांस के साथ-साथ, सूचकांक में अग्रणी अन्य देशों में जर्मनी, इटली, जापान, सिंगापुर और स्पेन शामिल हैं।

## लोकसभा चुनाव की तारीखों का कब होगा ऐलान ?

### निर्वाचन आयोग के सूत्रों ने बताई डेट

**सिटी चीफ, नई दिल्ली**

भारत का निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जोरशोर से जुटा है. इस बीच सूत्रों ने बताया कि इलेक्शन कमिशन 9 मार्च के बाद लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है. विभिन्न राज्यों में चुनाव निकाय अधिकारियों की पहले से निर्धारित यात्राओं से यह संकेत मिलता है कि 2024 का चुनाव कैलेंडर 2019 के समान हो सकता है. 2019 में लोकसभा चुनाव की घोषणा 10 मार्च को हुई थी. 11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में मतदान हुआ था, जबकि वोटों की गिनती 23




मई को हुई थी. इस साल लोकसभा चुनाव के साथ ही कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव भी होने वाले हैं. इस वजह से वोटिंग की तैयारियों का जायजा लेने के लिए चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारी लगातार विभिन्न राज्यों का दौरा कर रहे हैं. सूत्रों के अनुसार, चुनाव आयोग के प्रतिनिधि जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति और सुरक्षा बलों की उपलब्धता की जानकारी लेने के लिए 8-9 मार्च के बीच सरकारी अधिकारियों से मुलाकात करने वाले हैं. इसके बाद वे जमीनी हालात का आकलन करने के लिए 12-13 मार्च को जम्मू-कश्मीर का दौरा भी करेंगे. इस दौरान वह यहां जायजा लेंगे कि क्या इस केंद्रशासित प्रदेश में लोकसभा चुनावों के साथ विधानसभा चुनाव भी कराए जा सकते हैं. सूत्रों ने कहा, 'यह सब कुछ सुरक्षाबलों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा.'



## सावधान जाहिर सूचना

### ग्राम गोकन्या हल्का शिवनगर रा.नि.मं. सिमरोल तहसील महू जिला इन्दोर म.प्र खसरा न. 72 वा अन्य खसरो कृषि भूमि के सम्बन्ध मे।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गोकन्या हल्का शिवनगर रा.नि.मं. सिमरोल तहसील महू जिला इन्दोर म.प्र मे स्थित कृषि भूमि विजय पिता राम भरोसे तिवारी से छल कर फरेब से सोची समझी चाल चल कर जिसका खसरा नंबर 72 वा अन्य खसरो को लिख कर 8 विक्रय पत्रो के लिए कूटरचित भाषा लिख कर दस्तावेज तयार कर वा फर्जी चेको को दे कर जालसाजी और 420 से विक्रय पत्रों का पंजीयन करवाया गया है इन सभी के नाम इस प्रकार है सुमित प्रकाश पाटनी पिता मणिक चन्द पाटनी, अरुणा पाटनी पति सुमित प्रकाश पाटनी,अनिल कुमार पंवार पिता मोहन सिंह पंवार, राहुल जैन पिता राकेश जैन, आनंद कसेरा पिता लक्ष्मणदास कसेरा राकेश जैन पिता स्व.नवीन चन्द जैन,पार्वती जैन पति बक्षीराम जैन, पवन जैन पिता बक्षीराम जैन इन सभी के खिलाफ पुलिस में जांच चल रही है कोर्ट में केस पेंडिंग है अत- कृषि भूमि खसरा नंबर 72 वा अन्य खसरो का सौदा किया गया था जिसका भुगतान राशि चेको के माध्यम से की गई थी पर चैक अनादरण होने से सौदा 2018 में निरस्त किया जा चुका है जिसकी सूचना पेपर विग्यप्ति के माध्यम से पहले ही सूचना दी जा चुकी है अत- इन सभी विक्रय पत्रो के संदर्भ मे किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक आदि से कर्ज हेतू प्राप्त करता है या इन रजिस्ट्री के माध्यम से विक्रये करता है तो इस की जवाब देयी किसान भूमि मालिक की नही होगी
अत : होने पर पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

# फ्लैट में लगी आग से गृहस्थी का सामान जला

## अंदर फंसे किशोर को दमकलकर्मियों ने बचाया

**सिटी चीफ भोपाल**

शहर के छोला थाना क्षेत्र में स्थित भानपुर मल्टी के एक फ्लैट में सोमवार को आग लग गई। जिससे यहां लोगों के घरों में रखा सारा सामान जल गया। इस दौरान फ्लैट के अंदर एक किशोर सो रहा था, जो आग के बीच फंस गया। उसे बाद में दमकलकर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला। फ्लैट में रसोई गैस सिलेंडर भी रखे हुए थे, लेकिन इन्हें समय रहते बाहर निकाल लिया गया था। जिससे बड़ा हादसा टल गया। फायर आफिसर रामेश्वर नील ने बताया कि भानपुर मल्टी में रईस खान का फ्लैट है। यहां आग लगने की सूचना फायर कंट्रोल



रूम में सोमवार दोपहर 3.30 बजे भेजी गई थी। जिसके बाद मौके पर छोला और गांधी नगर फायर स्टेशन से दो दमकलें भेजी गईं। फ्लैट के अंदर एक 16 वर्षीय किशोर सो रहा था, जो आग की लपटों से घिर गया था। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर सबसे पहले उसे निकाला। इसके बाद आग बुझाने का काम शुरू किया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। वहीं, इस आग कितना नुकसान हुआ, अभी इसका आकलन नहीं हो पाया है।

**आग की लपटें देख घर छोड़कर भागे पड़ोसी** फायर फाइटर पंकज यादव ने बताया कि फ्लैट में आग को देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया था। पड़ोसी अपने घर को छोड़कर मल्टी से बाहर निकल गए थे। दमकलकर्मियों द्वारा फ्लैट में लगी आग पर काबू पाने के बाद ही वे अपने-अपने घरों में वापस लौटे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**सिटी चीफ भोपाल**

राजधानी के ईंटखेड़ी इलाके में शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर रविवार शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कार कार जब्त कर ली है, कार के चालक की तलाश जारी है ।ईंटखेड़ी थाना प्रभारी दुर्जन सिंह बरकड़े ने बताया कि गैस राहत कालोनी हाउसिंग बोर्ड करोंद निवासी शशांक तिवारी (31) निजी काम करता था। शनिवार-रविवार की रात करीब एक बजे वह अपनी बाइक से बैरसिया की ओर से भोपाल जा रहा था, तभी भोपाल से बैरसिया की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने आरोग्य निधि अस्पताल के सामने बाइक में टक्कर मार दी थी। इस हादसे में शशांक गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद चालक अपनी कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया था। घायल को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर रविवार शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। ट्रक की टक्कर से आटो सवार युवक की मौत इधर, अशोका गार्डन में मुलताई जिला बैतूल निवासी शुभदयाल पुत्र पूरन सिंह नागले (48) निजी काम करता था। वह गत 6 फरवरी को तड़के आटो में सवार होकर मिनाल रेसीडेंसी की ओर जा रहे थे। रास्ते में आटो ट्रक के पिछले हिस्से में टकरा गया। इस हादसे में शुभदयाल समेत अन्य लोग घायल हुए थे। घायलों को उनके परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर शुभदयाल की इलाज के दौरान रविवार शाम मौत हो गई।

# भदभदा के आसपास आज खाली कराई जाएगी बस्ती, कल हटेगा अतिक्रमण

**सिटी चीफ भोपाल**

राजधानी में बड़े तालाब के कैचमेंट क्षेत्र में भदभदा के आसपास की बस्ती को मंगलवार को खाली करना होगा। यहां बुधवार को नगर निगम और जिला प्रशासन की सयुंक्त टीम अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पहुंचेगी। दरअसल सोमवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त हरिनारायाणचारी मिश्र और नगर निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने इस जगह का निरीक्षण किया। साथ ही कलेक्टर ने यहां के कब्जाधारियों को वैकल्पिक जगह उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सामान लोडिंग-अनलोडिंग के लिए अमला और गाड़ियां नगर निगम मुहैया कराएगा। जो लोग अपने रिश्तेदारों या किराए के मकानों में शिफ्ट होना चाहेंगे, उन्हें वहां शिफ्ट किया जाएगा, जबकि जिन लोगों के पास इनमें से कोई विकल्प नहीं, उन्हें निगम कम्युनिटी हाल या अन्य जगहों पर वैकल्पिक रूप से शिफ्ट करेगा।बता दें कि बड़ी झील



किनारे बसी बस्ती का मामला पिछले करीब चार सालों से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में चल रहा है। इसकी अगली सुनवाई 12 मार्च को होनी है। जिसमें निगम को रिपोर्ट सौंपनी है। लिहाजा निगम सुनवाई से पहले बस्ती के कच्चे-पक्के 386 मकानों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में है। निगम का अमला 19 फरवरी को अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाने वाला था, जिसके लिए तीन दिन पहले ही मकानों को खाली करने की मुनादी कराई गई थी। लेकिन, इस मामले में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि लोगों के मकान तोड़ने से पहले उनके विस्थापन की व्यवस्था की जाए। लिहाजा कार्रवाई दो दिन टाल दी गई। अब 21 फरवरी को अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। लेकिन इससे पहले 20 फरवरी को सुबह 9 बजे नगर निगम का अमला गाड़ियों के साथ शिफ्टिंग के लिए मुस्तैद रहेगा।

# वन विहार में 22 फरवरी से शुरू होगी वन्य प्राणियों की गणना

## पर्यटकों के लिए तीन घंटे बंद रहेगा पार्क

**सिटी चीफ भोपाल**

भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में 22 फरवरी से वन्यप्राणियों की गणना की तैयारियां की जा रही है। इसके लिए विभाग के अधिकारियों को गणना के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली गणना में मांसाहारी और शाकाहारी जानवरों की गणना की जाना है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 22 से 24 फरवरी तक गणना चलना है। जो सुबह 7 से 9 बजे तक विभाग के विशेषज्ञ गणना करेंगे। इसके बाद पर्यटकों के लिए वन विहार को सुबह दस बजे के बाद खोला जाएगा। 23 फरवरी को शुक्रवार है, ऐसे में गणना के बाद वन विहार को बंद रखा जाएगा। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसमें स्वतंत्र विचरण करने वाले जानवरों की गिनती की जाएगी। बाड़े में मौजूद जानवरों का आंकड़ा पहले से ही वन विहार के पास सुरक्षित रखा हुआ है।बड़ी




संख्या में मौजूद हैं वन्यप्राणी

वन विहार में फिलहाल बाड़े में सिंह (लायन), बाघ (टाइगर), सफेद बाघ, तेंदुआ, भालू, हायना (लकड़बग्गा), मगरमच्छ, गौर (बायसन), पहाड़ी कछुए, जलीय कछुए और घड़ियाल है। क्वारेंटाइन सेंटर में तेंदुआ और अफ्रीकन कछुए हैं। इसके साथ वन विहार के पास खुले में घुमने वाले जानवरों में चीतल, सांभर, नीलगाय, जंगली सूअर, मोर, सियार, लंगूर, काला हिरण, चौसिंगा, सेही, बारहसिंगा, जंगली बिल्ली, चिंकारा, पेंगोलिन आदि हैं। पिछले साल घट गए थे वन्यप्राणी वन विहार में शेर, टाइगर, भालू, हिरण, लकड़बग्घा, तेंदुआ, मगर-घड़ियाल, चीतल, सांभर समेत 27 तरह के बाड़े और खुले में घूमने वाले जानवरों के दीदार पर्यटकों होते हैं। पिछले साल जब गणना हुई थी, तब यहां कुल 1510 जानवर सामने आए थे। हालांकि, एक साल में जानवरों की संख्या 142 तक घट गई थी, क्योंकि वर्ष 2022 में हुई गणना में कुल 1652 जानवर मिले थे। मोर, सांभर, चीतल-घड़ियाल की संख्या कम हुई थी, जबकि जंगली सुअर, लंगूर आदि जानवर बढ़े भी थे।

वन विहार की स्थिति - नेशनल पार्क में एक सफेद बाघ भी है, पर्यटकों की पहली पसंद है। - पिछली गणना के दौरान 121 जानवर बाड़े और 1383 जानवर खुले में घूमते मिले थे। ऐसे घटी-बढ़ी जानवरों की संख्या 2017 में खुले में घूमने वाले जानवरों की संख्या 1149 , जो 2021 में बढ़कर 1429 पहुंच गई । वर्ष 2020 में 1485, 2021 में 1558, 2022 में हुई गणना में इनकी संख्या बढ़कर 1652 तक पहुंच गई। 2022 में यह 1510 रह गए थे।

# शहीद भवन में नाटक मौत के साये में का मंचन, भारत भवन में मालवी व कबीर गायन

**सिटी चीफ भोपाल**

शहर में कलात्मक, सांस्कृतिक, सामाजिक, खेल, धार्मिक आदि गतिविधियों का सिलसिला निरंतर चलता रहता है। मंगलवार 20 फरवरी को भी शहर में ऐसी अनेक गतिविधियों का आयोजन होने जा रहा है, जिनका आप आनंद उठा सकते हैं। यहां हम कुछ ऐसे ही चुनींदा कार्यक्रमों की जानकारी पेश कर रहे हैं, जिसे पढ़कर आपको अपनी दिन की कार्ययोजना बनाने में आसानी होगी ।माह का प्रादर्श - इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में फरवरी माह के प्रादर्श के रूप में भूटिया समुदाय के आध्यात्मिक उपकरण फुरबा को प्रदर्शित किया जा रहा है। वीथि संकुल में इसे सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक देखा जा सकता है। चित्र प्रदर्शनी - मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय



की लिखंदरा दीर्घा में गोंड चित्रकार संतू तेकाम के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी को दोपहर 12 बजे से रात आठ बजे तक देखा जा सकता है। सैन्य फिल्म प्रदर्शन - शौर्य स्मारक के मुक्ताकाश मंच पर शाम पांच बजे से सैन्य फिल्म आई विल लिव दिखाई जाएगी। यह फिल्म हिमालय में बर्फ में फंसे वायु सैनिकों की जीने की कला व जीवटता पर आधारित है। स्थापना दिवस समारोह - भारत भवन के अष्टदिवसीय स्थापना दिवस समारोह का आज अंतिम दिन है। आज शाम साढ़े छह बजे से स्वाति उथले और साथी कलाकारों द्वारा मालवी गायन और पंडित रामसहाय पांडेय और सहयोगी कलाकारों द्वारा कबीर गायन की प्रस्तुति होगी। विरासत हैंडलूम प्रदर्शनी - त्रिलंगा स्थित पुराने माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय परिसर में विरासत हैंडलूम प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। 25 फरवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में महिलाओं के समूहों द्वारा तैयार किए गए हस्तशिल्प एवं हाथकरघा उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। प्रदर्शनी में प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के 20 से अधिक बुनकर अपने उत्पाद लेकर आए हैं। नाटक मंचन - हबीब थिएटर की ओर से शहीद भवन में नाटक मौत के साये में का मंचन किया जाएगा। जावेद अजीज के निर्देशन में प्रस्तुति शाम सात बजे आरंभ होगी। दर्शकों के लिए प्रवेश निश्शुल्क रखा गया है।

# सेंट्रल जेल में बंद कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, जांच शुरू

**सिटी चीफ भोपाल**

भोपाल सेंट्रल जेल में बंद एक कैदी को रात में अचानक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। तीन महीने पहले ही कोलार पुलिस ने उसे चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शुक्रवार को उसे अदालत से जमानत भी मिल गई थी। सोमवार को उसकी रिहाई होना थी। रविवार की देर रात उसे जेलकर्मियों ने लाकर हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह सात बजे परिजनों को पुलिस ने उसकी मौत की सूचना दी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मामले में न्यायिक जांच शुरू हो गई है ।पुलिस के मुताबिक सोनू वाल्मीकि (27) सर्वधर्म दामखेड़ा में रहता था और निजी काम



करता था। कोलार पुलिस ने उसे चोरी के आरोप में उसे गिरफ्तार किया था। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया था। गांधी नगर थाने के टीआइ प्रवीण त्रिपाठी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। जेल से कैदी को रविवार की देर रात हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। उसे घबराहट और उल्टियां की शिकायत करने सूचना थी। मामले में जांच शुरू कर दी गई है। मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया है। उसकी रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की वजह पता चल सकती है।

# कमल नाथ के सांसद पुत्र नकुल नाथ के भाजपा में जाने को लेकर अब भी अटकलों का दौर

*सिटी चीफ भोपाल*

*भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमल नाथ के भाजपा में जाने को लेकर भले ही अभी कयास खत्म हो गए हैं, लेकिन राजनीतिक जानकारों की राय में कमल नाथ के सांसद बेटे नकुल नाथ को लेकर अभी अटकलों का दौर जारी है। इस बात की संभावना जताई जा रही है कि छिंदवाड़ा से कांग्रेस सांसद नकुल नाथ लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का दामन थाम सकते हैं। हालांकि इसकी कहीं से पुष्टि नहीं हो पाई है। उल्लेखनीय है कि कल कमल नाथ के विश्वस्त मप्र के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कमल नाथ के भाजपा में जाने की अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि मीडिया को इन खबरों के लिए जिम्मेदार ठहरा दिया था। कांग्रेस नेता सज्जन सिंह*



*वर्मा ने यह भी कहा था कि कमल नाथ कहीं नहीं जा रहे हैं। जीतू पटवारी ने भी किया दावा दूसरी ओर अब मप्र कांग्रेस की बागडोर संभाल रहे इंदौर के पूर्व विधायक जीतू पटवारी ने भी कमल नाथ के हवाले से दावा कर दिया कि वे कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे। नकुल नाथ के साथ हो सकती है यह शर्त इस मामले में राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि भाजपा अब कमल नाथ के पुत्र नकुल नाथ को तो पार्टी में ले सकती है, लेकिन शर्त यह है कि वे कम से कम 20 कांग्रेस विधायक भी अपने साथ लाएं। उपचुनाव नहीं चाहता कोई विधायक यह भी दिलचस्प है कि मौजूदा राजनीतिक हालात देखते हुए अभी कोई भी विधायक उपचुनाव में नहीं उतरना चाहता है। कमल नाथ के भाजपा में नहीं जाने की खबरों के बाद अब उनके समर्थक विधायक किसी भी तरह का बयान देने से बच रहे हैं। कमल नाथ को लेकर एकमत नहीं जानकारों के अनुसार कमल नाथ को भाजपा में लेने को लेकर पार्टी के एकाधिक नेताओं की राय नकारात्मक है। जाहिर है पार्टी किसी भी तरह के विवाद को बाद में टालना चाहती है। इसमें सिख समुदाय के विरोध को भी तवज्जो दी जा रही है। दिल्ली में ही हैं अभी पिता-पुत्र उल्लेखनीय है कि कमल नाथ और उनके सांसद बेटे अभी दिल्ली में ही हैं। अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को बदलकर दोनों दिल्ली पहुंच गए थे। इसके बाद ही अटकलें हवा में तैर रही हैं। हालांकि कमल नाथ और उनके बेटे नकुल नाथ की अभी भाजपा के किसी वरिष्ठ नेता से मुलाकात नहीं हुई है। कुछ लोगों के अनुसार वे अयोध्या रामलला के दर्शन करने भी जा सकते हैं। आज हो सकती है कांग्रेस की बैठक जानकारी के अनुसार मंगलवार को मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी जितेंद्र सिंह लोकसभा चुनाव और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारी के लिए आयोजित बैठक में भाग लेने के लिए आने वाले विधायकों से इस पूरे घटनाक्रम पर फीडबैक भी ले सकते हैं। जितेंद्र सिंह के अनुसार कमल नाथ बैठक में शामलि होंगे। इतना ही नहीं उनके बेटे नकुल नाथ भी न्याय यात्रा में शामिल होंगे। नकुल नाथ कांग्रेस के टिकट पर ही लोकसभा चुनाव छिंदवाड़ा सीट से उतरेंगे।*

# विवाहित महिला से शादी करने के लिए उसके बेटे का कर लिया अपहरण

भोपाल। कोहेफिजा इलाके में मायके में रह रही एक शादीशुदा महिला के तीन साल के मासूम को उसके पुराने सिरफिरे आशिक ने अगवा कर लिया था, आरोपित बच्चे के अगवा कर वह महिला पर शादी करना चाहता था। पुलिस ने आरोपित पर अपहरण की धाराओं में एफआइआर दर्ज कर अयोध्या नगर बायपास उसे गिरफ्तार कर बच्चे को बरामद कर लिया है ।कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक 26 वर्षीय महिला ने रविवार को लालघाटी कोहेफिज निवासी पुलिस को सूचना दी थी कि 17 फरवरी को सुबह दस बजे वह अपने तीन साल के मासूम को होटल पर काम करने वाले अपने भाई के पास छोड़कर गई थी, वापस आई तो भाई ने बताया कि बेटा गुम हो गया है, वह खेलते समय होटल से लापता हो गया, काफी तलाश करने के बाद वह मिला नहीं है। अगले दिन महिला ने कोहेफिजा थाने को घटना के बारे में बताया। पुलिस ने बच्चे की तलाश शुरू की तो होटल पर काम करने वाले एक अरेरा हिल्स झुग्गी निवासी 27 वर्षीय राहुल यादव संदेह के घेरे में आ गया। पुलिस ने जब आसपास के सीसीटीवी खंगाले तो राहुल बच्चे को ले जाते समय नजर आ गया था। जब पुलिस ने राहुंल के बारे में जानकारी जुटाई । महिला और आरोपित में था प्रेम प्रसंग टीआइ कोहेफिजा बृजेंद्र मसकोले के मुताबिक राहुल यादव महिला एक दूसरे को पहले से जानते थे। दोनों अरेरा हिल्स एक साथ ही रहते थे, दोनों एक के बीच में प्रेम प्रसंग था। आरोपित महिला से शादी करना चाहता था, लेकिन महिला की शादी दूसरी जगह हो गई थी, महिला की शादी के बाद उसे तुड़वाने के लिए राहुल यादव ने महिला के पति को महिला और उसके खुद के फोटो भेज दिए थे, उसके महिला को उसके पति ने रिश्ते खत्म कर दिए थे, बाद में महिला अपने मायके में आकर रहने लगी थी, मायके वालों को इस बात का पता चला तो उन्होंने अरेराहिल्स का घर छोड़कर कोहेफिजा में आकर रहने लगे थे। समय बीतने के बाद महिला को लगा था कि आरोपित भूल गया होगा, लेकिन वह मौके का इंतजार कर रहा था। महिला भाई के साथ ही होटल पर काम करता है महिला जिस भाई को उस होटल पर छोड़कर गई थी, आरोपित राहुल श्यादव भी उसी होटल में काम करता था। बच्चे को देखकर उसने यह साजिश रची थी, वह बच्चे को लेकर रायसेन चला गया था, बाद वह भोपाल के अलग - अलग स्थानों पर उसे घूमता रहा, अगर समय रहते , पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं करती तो आरोपित उसके साथ कुछ भी अनहोनी कर सकता था। आरोपित गिरफ्तार कर और मासूम को सकुशल बरामद कर पुलिस ने पूछताछ में इस बात का राजफाश किया।

## संपादकीय

### जापान और यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था में मंदी और वैश्विक खतरे

*गत सप्ताह दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जापान और यूनाइटेड किंगडम ने कहा कि लगातार दो तिमाहियों से उनके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि ऋणात्मक है। आमतौर पर अर्थशास्त्री इसे अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का संकेत मानते हैं। इसकी वजह से जापान शायद सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की सूची में नीचे फिसल जाए। जर्मनी की जीडीपी जापान से अधिक हो सकती है। ऐसे में जापान अब शायद दुनिया की तीसरी के बजाय चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश होगा। ऐसा भी नहीं है कि जर्मनी बहुत अच्छी स्थिति में है।एक समय यूरो क्षेत्र के विकास का इंजन रहा जर्मनी अब उसकी सबसे कमजोर कड़ी है। दो दशकों तक जर्मनी की निर्यातोन्मुखी, विनिर्माण आधारित अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा रहा क्योंकि उसे चीन की उत्पादकता और मांग की मदद हासिल थी और रूस से सस्ती प्राकृतिक गैस आसानी से मिल रही थी। अब भूराजनीतिक कारणों से वृद्धि के ये दोनों कारक सीमित हो गए हैं। वर्ष 2024 में जर्मनी के सालाना आधार पर 0.2 फीसदी वृद्धि हासिल करने का अनुमान है जबकि इसके 1.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया गया था। इससे पिछले वर्ष 0.3 फीसदी की गिरावट आई थी। यूनाइटेड किंगडम की मंदी में राजनीति की भी भूमिका रही है। 2016 में यूरोपीय संघ से अलग होने के निर्णय के असर अब नजर आने शुरू हुए हैं। इसके अलावा दिक्कतदेह घरेलू राजनीति का एक अर्थ यह भी है कि देश नए आवास और अधोसंरचना तैयार करने में नाकाम रहा है। इससे उपभोक्ता अपेक्षाकृत गरीब महसूस कर रहे हैं। कमजोर उपभोक्ता मांग ने अर्थव्यवस्था को मंदी की ओर धकेल दिया। आज दुनिया भर में आर्थिक वृद्धि के समक्ष राजनीति एक जोखिम के रूप में उभरी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में बेहतर प्रदर्शन करने वाले देशों में शामिल अमेरिका भी इस खतरे से मुक्त नहीं है। अमेरिकी बाजार जहां रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंच रहे हैं लेकिन कंपनियों ने आय के इस सत्र में लाल सागर पर हो रहे हमलों तथा इजरायल और फिलिस्तीन पर मतभेद के कारण घरेलू बहिष्कार का असर अपने मुनाफे पर पड़ने के खतरे का जिक्र शुरू कर दिया है। फास्ट फूड चेन मैकडॉनल्ड के इजरायल में कारोबार के असंगठित बहिष्कार ने पिछली तिमाही में उसके प्रदर्शन पर बुरा असर डाला है। इस बीच दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश चीन भी तेज वृद्धि के दिनों से दूर हो गया है। रविवार को पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना ने ब्याज दरों में कटौती नहीं करने का निर्णय लिया। हालांकि देश कमजोर मांग और अचल संपत्ति के संकट के बीच अपस्फीति के मुद्दे से जूझ रहा है। गत माह चीन में उच्च मूल्य वाले अचल संपत्ति लेनदेन का आकार 2023 के समान महीने की तुलना में एक तिहाई कम था। चीन के जीडीपी के आकार और वृद्धि को मद्देनजर रखते हुए अगर वृद्धि को बहाल करना है तो बाजार में सुधार आवश्यक है। परंतु यहां भी राजनीति का हस्तक्षेप है। अचल संपत्ति में सुधार के लिए चीन को दिवालिया प्राधिकारों, स्थानीय सरकारों और निजी क्षेत्र में सत्ता के स्वतंत्र केंद्र स्थापित करने होंगे।*

## व्यवस्था: इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला अहम, पार्टियों का खर्च निरंकुश; क्या आयोग को आजादी देंगे सियासी दल?



सुप्रीम कोर्ट ने भले ही चुनावी बॉन्ड पर रोक लगा दी हो, लेकिन चुनाव सुधार के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है।दुनिया के बड़े लोकतांत्रिक देशों में शायद भारत अकेला देश है, जहां चुनावी चंदे की कोई सीमा तय नहीं है और पार्टी के खर्चे पर भी किसी तरह की कोई रोक-टोक नहीं है। चंदे और खर्चे की हदबंदी किए बिना चुनावों में नोटबंदी की कल्पना नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने भले ही चुनावी बॉन्ड पर रोक लगा दी हो, लेकिन चुनाव सुधार के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। सवाल उठता है कि क्या हम अमेरिका और यूरोप के देशों से सीख नहीं ले सकते हैं? ब्रिटेन में कोई भी दल चुनाव में एक सीट पर तीस हजार पाउंड (करीब तीस लाख रुपये) से ज्यादा खर्च नहीं कर सकता। इसी तरह, वहां कोई दानदाता (व्यक्ति हो या कंपनी) एक साल में साढ़े सात हजार पाउंड से ज्यादा का दान नहीं दे सकता। उससे ज्यादा दान देने पर उसकी पहचान को सार्वजनिक किया जाना जरूरी है। जर्मनी में अधिकतम चुनावी चंदे की सीमा दस हजार यूरो सालाना है। उससे ज्यादा चंदा देने पर पार्टी विशेष को पहचान बतानी पड़ती है। बहुत से अन्य देशों में छोटे दानदाताओं के नाम उजागर नहीं किए जाते, लेकिन बड़े दानदाताओं की पहचान जरूरी है। कहा जाता है कि एक राजनेता कालेधन के जरिये ही विधानसभा या लोकसभा पहुंचता है। इस समय हमारे देश में एक उम्मीदवार लोकसभा चुनाव में 75 से 90 लाख रुपये और विधानसभा चुनाव में 40 लाख रुपये खर्च कर सकता है। वैसे तो कागजों में उम्मीदवार इससे आधी रकम ही चुनावी खर्च के रूप में दिखाते हैं, लेकिन हकीकत बच्चा-बच्चा जानता है। ऐसे में, चुनाव आयोग को चुनावी खर्च सीमा बढ़ानी चाहिए और उसे महंगाई दर से भी जोड़ा जाना चाहिए। ऐसा होने पर कालेधन पर रोक लगने की गारंटी तो नहीं है, लेकिन कुछ हद तक अंकुश तो लगाया ही जा सकता है। दुनिया के बहुत से देशों में सार्वजनिक निधि से चुनाव करवाए जाते हैं। एक सुझाव दिया गया है कि चुनाव आयोग जनता के पैसों से चुनाव करवाए। क्राउड फंडिंग की तर्ज पर भारत के लोग या कंपनियां चुनाव फंड में योगदान करें। इससे जितना पैसा जमा हो, उतनी ही रकम भारत सरकार अपनी झोली से दे। फिर यह पैसा अलग-अलग दलों में बांटा जाए। पैसे का आवंटन पिछले लोकसभा चुनावों में मिले वोट और सीटों, उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों तथा वोटरों की संख्या के आधार पर किया जा सकता है। राष्ट्रीय दलों और क्षेत्रीय दलों के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जा सकती है। इस योजना का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि चंदा देने वाला आम वोटर भी अपनी जिम्मेदारी समझेगा। उसे लगेगा कि सारी प्रक्रिया में वह खुद शामिल है और उसकी जेब का पैसा लगा है। इससे चुनाव में स्वच्छ छवि के लोग सामने आएंगे, नई पीढ़ी को मौका मिलेगा और इससे लोकतंत्र ही मजबूत होगा। यूरोप के हॉलैंड, नॉर्वे, स्वीडन जैसे देशों में यह प्रयोग सफलतापूर्वक चल रहा है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एस. वाई. कुरैशी का सुझाव है कि राष्ट्रीय चुनाव कोष बनाया जा सकता है, जिसमें कॉरपोरेट जगत चंदा दे सकता है। फिर यह पैसा चुनाव आयोग अलग-अलग दलों के बीच बांट सकता है। वैसे बड़े उद्योगपतियों ने पहले ही कॉरपोरेट फंड बना रखा है, जिसके जरिये अलग-अलग दलों को चंदा दिया जाता रहा है। पिछले साल ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट में बताया गया कि भारी-भरकम चंदा देने वालों का सत्तारूढ़ दलों से जुड़ाव होता है और उन्हें मनचाहे लाभ मिलते हैं। जानकारों का कहना है कि चुनावी चंदे की सारी जानकारी समय-समय पर चुनाव आयोग को सामने लानी चाहिए। ऐसा होने पर वोटर को पता लग जाएगा कि किस दल को कौन-कौन चंदा दे रहा है। इस जानकारी के आधार पर वोटर पार्टी विशेष के प्रति अपनी राय बनाकर मतदान कर सकता है। जिस देश में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति सत्तारूढ़ दल की पसंद-नापसंद पर निर्भर हो, वहां चुनाव आयोग कैसे चुनावी चंदे की पारदर्शी व्यवस्था कर सकता है? इसके लिए जरूरी है कि चुनाव आयोग का अपना अलग सचिवालय हो, आयोग अपने हिसाब से नियुक्तियां कर सके और नौकरी के अपने स्वतंत्र नियम बना सके और उसका बजट अलग से हो। क्या इतनी आजादी कोई सियासी दल चुनाव आयोग को देने को तैयार होगा?

## सेहत का पहलू: देर रात भोजन से शरीर पर प्रतिकूल असर, क्या पेट और दिल के लिए नुकसानदेह है रात में खाना?



विशेषज्ञों के मुताबिक, देर रात भोजन के अलावा, वजन बढ़ने के पीछे आनुवांशिक कारण, शारीरिक निष्क्रियता तथा नींद जैसी कई अन्य वजहें जिम्मेदार होती हैं। कई अध्ययनों ने बताया है कि सोने से तीन घंटे पहले खाने से भी पेट और दिल की समस्याएं होती हैं।हममें से अनेक लोग दिन भर की व्यस्तता के बाद रात को आइसक्रीम या बासी चीजें खाना पसंद करते हैं। पर यदि यह आदत बन जाए, तो विशेषज्ञों के मुताबिक, स्वास्थ्य पर इसका भयानक असर पड़ना तय है। हाल ही में खाने की आदतों के बारे में 34,000 वयस्क अमेरिकियों पर एक सर्वे किया गया। सर्वे में शामिल लगभग 60 फीसदी लोगों ने कहा कि रात नौ बजे के बाद खाना उनके लिए आम है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पोषण और निद्रा विज्ञानी मेरी पियरे कहती हैं कि हमारा शरीर दिन में पोषण को प्रसंस्कृत करने और रात में ऊर्जा को संरक्षित व संग्रहीत करने का आदी है। इस प्राकृतिक प्रक्रिया को बाधित करने पर समस्याएं होंगी ही। कई अध्ययनों ने बताया है कि सोने से तीन घंटे पहले खाने से भी पेट और दिल की समस्याएं होती हैं। यही नहीं, इससे नींद बाधित होने की बात भी कही गई है। अलबत्ता देर रात खाने से संबंधित सबसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक अध्ययन वह है, जिसमें इसके असर को वजन और स्वास्थ्य से जोड़ा गया है। उदाहरण के लिए, वर्ष 2019 में 900 अधेड़ और बुजुर्ग अमेरिकियों पर सर्वे कर यह बताया गया कि सोने से दो घंटे पहले जिन लोगों ने खाने में 100 या उससे ज्यादा कैलोरी ली थी, उनमें से 80 फीसदी लोगों में मोटापा या दूसरी समस्याएं दिखीं। ऐसे ही, पिछले साल ब्रिटेन में 850 वयस्कों पर सर्वे करने के बाद यह बताया गया कि रात नौ बजे के बाद नियमित रूप से भोजन करने वालों में डायबिटीज और ब्लड शुगर होने की आशंका तुलनात्मक रूप से ज्यादा होती है। हालांकि अध्ययनों में सीधे-सीधे यह नहीं बताया गया कि देर रात खाने से वजन बढ़ना तय ही है, क्योंकि विशेषज्ञों के मुताबिक, वजन बढ़ने के पीछे आनुवंशिक कारण, शारीरिक निष्क्रियता तथा नींद जैसी अन्य वजहें भी होती हैं। लेकिन तमाम अध्ययन देर रात खाने से शरीर पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर के बारे में तो बताते ही हैं। शोधार्थियों ने यह भी पाया है कि दिन की तुलना में शाम को कार्बोहाइड्रेट लेने से ब्लड शुगर ज्यादा बढ़ता है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ने की आशंका रहती है। लिहाजा देर रात भोजन जिनकी मजबूरी है, उन्हें हल्का भोजन करना चाहिए। हालांकि शोध में यह भी बताया गया है कि जिनका ब्लड प्रेशर कम है तथा जिन्हें ज्यादा पोषण की जरूरत है, वे अगर रात में खाते हैं, तो इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ने वाला। विशेषज्ञों के मुताबिक, देर रात भोजन के अलावा, वजन बढ़ने के पीछे आनुवांशिक कारण, शारीरिक निष्क्रियता तथा नींद जैसी कई अन्य वजहें जिम्मेदार होती हैं। कई अध्ययनों ने बताया है कि सोने से तीन घंटे पहले खाने से भी पेट और दिल की समस्याएं होती हैं। यही नहीं, इससे नींद बाधित होने की बात भी कही गई है।

## जीवन धारा: जिससे बच नहीं सकते, उसकी निंदा नीति के विरुद्ध; जब तक भ्रम है तभी तक संसार है



साधारणतः जो धोखा खाता है, वह अपना कुछ न कुछ गंवा बैठता है, और जो धोखा देता है, उसकी एक न एक दिन कलई खुले बिना नहीं रहती है। हानि सहना व प्रतिष्ठा खोना, दोनों बातें बुरी हैं। धोखा-इन दो अक्षरों में भी न जाने कितनी शक्ति है कि इनकी लपेट से बचना यदि निरा असंभव न हो, तो भी महाकठिन तो अवश्य है। जब भगवान रामचंद्र ने मारीच राक्षस को सुवर्णमृग समझ लिया था, तो हमारा आपका क्या सामर्थ्य है, जो धोखा न खाएं। इस रीति से यदि हम कहें कि ईश्वर भी धोखे से अलग नहीं है, तो गलत नहीं होगा, क्योंकि ऐसी दशा में यदि वह धोखा खाता नहीं, तो धोखे से काम अवश्य लेता है, जिसे दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि माया का प्रपंच फैलाता है। वेदांती लोग जगत को मिथ्या, भ्रम समझते हैं, यहां तक कि एक महात्मा ने किसी जिज्ञासु को भली-भांति समझा दिया था कि विश्व में जो कुछ है, और जो कुछ होता है, सब भ्रम है। किंतु यह समझाने के कुछ ही दिन उपरांत उनके किसी प्रिय व्यक्ति का प्राणांत हो गया, जिसके शोक में वे फूट-फूटकर रोने लगे। इस पर शिष्य ने आश्चर्य में आकर पूछा कि आप तो सब बातों को भ्रमात्मक मानते हैं, फिर रोते क्यों हैं? इसके उत्तर में उन्होंने कहा कि रोना भी भ्रम ही है। सच है! भ्रमोत्पादक भ्रमस्वरूप भगवान के बनाए हुए भव (संसार) में जो कुछ है, भ्रम ही है। जब तक भ्रम है, तभी तक संसार है। लोक और परलोक का मजा भी धोखे ही में पड़े रहने से प्राप्त होता है। बहुत ज्ञान छांटना सत्यानाश की जड़ है! ज्ञान की दृष्टि से देखें, तो आपका शरीर मल-मूत्र-मांस-मज्जादि घृणास्पद पदार्थों का विकार मात्र है, पर हम उसे प्रीति का पात्र समझते हैं और दर्शन-स्पर्श-आदि से आनंदलाभ करते हैं। विचार करके देखिए, तो धन-जन इत्यादि पर किसी का कोई स्वत्व नहीं है, इस क्षण वे हमारे काम आ रहे हैं, क्षण ही भर के उपरांत न जाने किसके हाथ में या किस दशा में पड़कर हमारे पक्ष में कैसे हो जाएं, और मान भी लें कि इनका वियोग कभी न होगा, तो भी हमें क्या? आखिर एक दिन मरना है, पर यदि हम ऐसा समझकर सबसे संबंध तोड़ दें, तो सारी पूंजी गंवाकर निरे मूर्ख कहलाएंगे। जब तक घड़ी के सब पुर्जे दुरुस्त हैं, और ठीक-ठीक लगे हुए हैं, तभी तक उसमें खट-खट, टन-टन की आवाज आ रही है, जहां उसके पुर्जों का लगाव बिगड़ा, वहीं न उसकी गति है, न शब्द है। ऐसे ही शरीर का क्रम जब तक ठीक-ठीक बना हुआ है, मुख से शब्द और मन से भाव तथा इंद्रियों से कर्म का प्राकट्य होता रहता है, जहां इसके क्रम में व्यतिक्रम हुआ, वहीं सब खेल बिगड़ गया, बस फिर कुछ नहीं, कैसा जीव! कैसी आत्मा! जब सब कुछ धोखा ही धोखा है, और धोखे से अलग रहना ईश्वर के भी सामर्थ्य से दूर है, तथा धोखे ही के कारण संसार का चरखा पिन्न-पिन्न चला जाता है, तो फिर इस शब्द का स्मरण या श्रवण करते ही आपकी नाक-भौंह क्यों सिकुड़ जाती हैं? इसके उत्तर में हम तो यही कहेंगे कि साधारणतः जो धोखा खाता है, वह अपना कुछ न कुछ गंवा बैठता है, और जो धोखा देता है, उसकी एक न एक दिन कलई खुले बिना नहीं रहती है, और हानि सहना व प्रतिष्ठा खोना, दोनों बातें बुरी हैं, जो बहुधा इसके संबंध में हो ही जाती हैं।

## जया एकादशी आज, भगवान विष्णु की कृपा पाने के लिए जरूर पढ़ें यह व्रत कथा



*जो कोई भक्त जया एकादशी व्रत का पालन सच्ची श्रद्धा के साथ करता है, उसे पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान विष्णु का पूजन करने से दोषों से मुक्ति मिलती है। साथ ही इस दिन पूजा के दौरान जया एकादशी व्रत की कथा पढ़ने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। माघ महीने में शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी कहते हैं। इस साल जया एकादशी 20 फरवरी को है। जया एकादशी बहुत ही पुण्यदायी एकादशी मानी जाती है। इस एकादशी का व्रत करने से सभी तरह के पापों से मुक्ति मिल जाती है। शास्त्रों के अनुसार इस एकादशी का व्रत करने से मनुष्य को भूत-प्रेत, पिशाच से मुक्ति मिल जाती है। मान्यता के अनुसार जो कोई भक्त जया एकादशी व्रत का पालन सच्ची श्रद्धा के साथ करता है उसे पुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन भगवान विष्णु का पूजन करने से दोषों से मुक्ति मिलती है। साथ ही इस दिन पूजा के दौरान जया एकादशी व्रत की कथा पढ़ने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है।व्रत कथा इस प्रकार है...पौराणिक कथा के अनुसार जब धर्मराज युधिष्ठिर, भगवान श्रीकृष्ण से पूछते हैं कि माघ मास की एकादशी का क्या महात्म्य है, तो भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि इसका नाम जया एकादशी है। में उत्सव चल रहा था। इस उत्सव में सभी देवतागण, सिद्ध संत और दिव्य पुरुष उपस्थित थे।*

## एकादशी पर वैष्णव संप्रदाय का तिलक लगाकर सजे बाबा महाकाल, राजगिरे के लड्डू का लगाया भोग



*भस्म आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया।भस्म आरती में बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया।श्री महाकालेश्वर मंदिर में राजस्थान के भीलवाड़ा से पधारे धीरज रमानी ने श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी और समिति सदस्य पुजारी प्रदीप गुरु व यश पुजारी की प्रेरणा से 1 नग चांदी का मुकुट बाबा महाकाल को अर्पित किया गया। जिसका कुल वजन 3 किलो 756 ग्राम है। मुकुट को सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने प्राप्त कर दानदाता का सम्मान किया गया और विधिवत रसीद प्रदान की गई। यह जानकारी मंदिर प्रबंध समिति के कोठार शाखा के कोठारी मनीष पांचाल द्वारा दी गई।*

## सिंगल कॉलम

### भगवान के लिए मुझे बख्श दो! सलमान खान की एट्रेस आयशा टाकिया का छलका दर्द



मुंबई- मजह 13 साल में मॉडलिंग और 15 की उम्र में बॉलीवुड की दुनिया में कदम रखने वाली आयशा टाकिया लंबे वक्त से फिल्मों से दूर हैं. हालांकि अक्सर वह सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं.

आए दिन उनकी खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं. मगर अफसोस फोटो में उनका लुक देख हर कोई हैरान रहता है. प्यारी मुस्कान से हर किसी का दिल जीत लेने वाली आयशा अक्सर अपने लुक लेकर ट्रोल हो जाती हैं. अब लगातार ट्रोल होने के बाद एक्ट्रेस ने तंज कसने वालों को जवाब दिया है. आयशा टाकिया ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है. उन्होंने अपने पोस्ट में अपना दर्द बयां किया है. उन्होंने इस बात पर भी हैरानी जताई है कि जैसी वह 15 साल पहले दिखती थीं. वो भला अब कैसे ठीक उसी तरह दिख सकती हैं. लेकिन ऐसा ही दिखने की उम्मीद करते हैं. यह कितनी बेवकूफाना बात है. इसके साथ ही आयशा ने पोस्ट में और भी काफी कुछ लिखा है. एक्ट्रेस ने लिखा- मुझे यह कहना जरूरी है कि मैं दो दिन पहले गोवा गई थी. जब फैमिली में अचानक ही एक मेडिकल इमर्जेंसी आ गई थी. मेरी बहन अस्पताल में एडमिट थी. इस दौरान जब मैं एयरपोर्ट पहुंची तो कुछ पैपराजी वहां थे और मुझसे पोज देने के लिए मिन्नतें करने लगे. मैंने कुछ सेकेंड के लिए पोज भी दिया. लेकिन बाद में मेरी शक्ल-सूरत पर सवाल उठाए जाने लगे. ऐसा लग रहा है

### नसीरुद्दीन शाह ने बॉलीवुड पर जताई नाराजगी

मुंबई । अभिनय की चलती-फिरती यूनिवर्सिटी कहे जाने वाले दिग्गज अभिनेता नसीरुद्दीन शाह अपने अभिनय के साथ-साथ अपने बोल्ड बयानों के लिए भी जाने जाते हैं। इस बीच उन्होंने सिर्फ एक फिल्म की नहीं, बल्कि पूरी हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि हिंदी फिल्मों की मौजूदा हालत बेहद खराब है। मीडिया से बात करते हुए नसीरुद्दीन शाह ने हिंदी फिल्मों को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए बयान दिया।

# बॉक्स ऑफिस पर पाई-पाई के लिए मोहताज हुई रजनीकांत की लाल सलाम



मुंबई । साउथ सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों अपनी फिल्म लाल सलाम को लेकर चर्चा में हैं। उनकी बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत द्वारा निर्मित यह फिल्म एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की रिलीज के लिए भी अलग वक्त चुना गया था। लाल सलाम की रिलीज के दौरान किसी भी बड़ी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दस्तक नहीं दी है। इस फिल्म के बाद शाहिद कपूर की तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया आई। हालांकि इस फिल्म को दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला। लाल सलाम के साथ रिलीज हुई ऐश्वर्या रजनीकांत की ईगल भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है। इतना मुनाफा होने के बावजूद रजनीकांत की लाल सलाम ज्यादा कमाई नहीं कर रही है।

फिल्म लाल सलाम की बात करें तो रजनीकांत की फिल्म ने एक हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 13.73 करोड़ का कलेक्शन किया था। इसके बाद रिलीज के 8वें दिन फिल्म ने महज 27 लाख की कमाई की है। कुल मिलाकर इस फिल्म का कलेक्शन अब गिरता जा रहा है। अब 8 दिनों में इस फिल्म का कुल कलेक्शन सिर्फ 14 करोड़ है। फिल्म लाल सलाम में रजनीकांत का कैमियो है। हालांकि, रंजीताकांत जैसे बड़े एक्टर के साथ भी उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पा रही है।फिल्म लाल सलाम एक हफ्ते में 15 करोड़ रुपये भी नहीं कमा पाई। इस बिग बजट फिल्म के कलेक्शन से मेकर्स भी चौंकने वाले हैं। इस फिल्म की कमाई कम होने से निर्माताओं को तगड़ा झटका लगा है। लाल सलाम ने रिलीज के पहले दिन 3.55 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 3.25 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 3.15 करोड़ रुपये, चौथे दिन 1.55 करोड़ रुपये, पांचवें दिन 1.45 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 1.21 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। छठे दिन करोड़ और सातवें दिन इसने 81 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। अब यह फिल्म 15 करोड़ के करीब पहुंच गई है।

फिल्म लाल सलाम का निर्देशन रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत ने किया है। उनकी यह फिल्म एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। फिल्म में अभिनेता विष्णु विशाल और विक्रांत मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में सभी कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया है। इसके बावजूद ये फिल्म लोगों को प्रभावित करने में नाकामयाब रही।

### रिलीज हुआ अक्षय-टाइगर की 'बड़े मियां छोटे मियां' का टाइटल ट्रैक, इन दो अभिनेताओं से हुई तुलना



*मुंबई। अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों लगातार सुर्खियां बटोर रहे हैं। उनकी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' रिलीज को तैयार है। इस फिल्म में वे पहली बार टाइगर श्रॉफ के साथ एक्शन करते नजर आने वाले हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' इस साल की बहुचर्चित फिल्मों से एक है। दर्शक अभी से ही इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। अब फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है। आइए जानते हैं कि फैंस को फिल्म का टाइटल ट्रैक कैसा लगा है।*

## विक्रांत मैसी का फिल्म इंडस्ट्री के लोगों को लेकर बयान

**कहा- रियल लाइफ में घटिया इंसान हैं**



नई दिल्ली । विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म 12वीं फेलको लेकर छाए हुए हैं। फिल्म को क्रिटिक्सऔर दर्शकों से जबरदस्त प्यार मिला है। इतना ही नहीं कई सेलेब्स ने भी फिल्म की बहुत तारीफ की है। अब हाल ही में विक्रांत ने कुछ इंडस्ट्री के लोगों से लेकर कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर तक बात की। विक्रांत का कहना है कि उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं और कल को उन्हें जरूरत लगी तो वह भी इसे करवा सकते हैं। दरअसल, अनफिल्टर समदिश के चैट शो के दौरान उन्होंने विक्रांत से पूछा कि क्या आप लाइफ में घटिया इंसान बनकर फिल्मों में एक अच्छे एक्टर बन सकते हो? इस पर विक्रांत ने कहा, 'कई लोग हैं ऐसे। बहुत ही लोग हैं। हालांकि एक्टर ने किसी का नाम नहीं लिया।' जब होस्ट ने शिद्दी वर्ड पर जोर डाला तो विक्रांत ने कहा, 'उन लोगों को पसंद किया जाता है, प्यार किया जाता है। उनके जैसे लोग बनना चाहते हैं। लेकिन सफल होने के लिए आपको यह उन्हें देना होगा।' जरूरत पड़ने पर कॉस्मेटिक सर्जरी करवा सकते एक्टर विक्रांत से फिर कॉस्मेटिक सर्जरी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'कई लोगों ने ऐसा करवाया है। इसमें कुछ गलत नहीं है। अगर मुझे कभी जरूरत पड़ी तो मैं भी करवा सकता हूं। मैं भी बेहतर शेप में और मस्कुलर दिखना चाहता हूं।' एक्टर ने यह भी बताया कि इंडस्ट्री में बहुत दिखावा है और इसके लिए डर जिम्मेदार है। उन्होंने कहा, 'क्रिएटिव आर्टिस्ट में ऐसा है। आप कुछ करने का दिखावा सिर्फ इसलिए करते हैं क्योंकि वह काम कर रहा है।' फिर आई हसीन दिलरुबा 12वीं फेल के बाद अब विक्रांत फिर आई हसीन दिलरुबा में काम करने वाले हैं। यह फिल्म हसीन दिलरुबा का दूसरा पार्ट है। पहले पार्ट में तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और हर्षवर्धन राणे लीड रोल में थे। अब दूसरे पार्ट में विक्रांत, तापसी और सनी कौशल अहम किरदार में हैं।

## शादी के तीन साल बाद पिता बनेंगे वरुण धवन



मुंबई । वरुण धवन बॉलीवुड में एक लोकप्रिय अभिनेता के रूप में जाने जाते हैं। एक्टिंग के साथ-साथ वरुण अपने शरारती स्वभाव के लिए भी हमेशा चर्चा में रहते हैं। वरुण ने अब तक कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह तरह-तरह की तस्वीरें और वीडियो शेयर कर अपने फैंस के साथ जुड़े हुए हैं। अब वरुण की नई पोस्ट ने सबका ध्यान खींचा है। वरुण जल्द ही पापा बनने वाले हैं। वरुण की पत्नी नताशा प्रेग्नेंट हैं और जल्द ही उनके घर नन्हा मेहमान आने वाला है। वरुण ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर अपने फैंस को यह खुशखबरी दी है। वरुण ने इंस्टाग्राम पर नताशा और अपनी एक तस्वीर शेयर की है। वरुण उनके बेबी बंप को किस कर रहे हैं। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, नताशा प्रेग्नेंट हैं, हमें आपके प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। वरुण का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर दोनों को बधाई दी है। वरुण और नताशा 24 जनवरी 2021 को शादी के बंधन में बंध गए। यह शादी अलीबाग के द मेंशन रिजॉर्ट में सिर्फ 50 लोगों की मौजूदगी में हुई। इस शादी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे। वरुण और नताशा बचपन के दोस्त हैं। शादी से पहले दोनों कई सालों तक रिलेशनशिप में थे। वरुण ने अपने करियर की शुरुआत में नताशा और अपने रिश्ते को सार्वजनिक नहीं किया था लेकिन दोनों को कई बार एक साथ देखा गया। अब शादी के तीन साल बाद दोनों माता-पिता बनने जा रहे हैं। वरुण धवन के काम की बात करें तो पिछले साल उनकी फिल्म 'बवाल' रिलीज हुई थी। इसमें उनके साथ जान्हवी कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही। अब वरुण की 'बेबी जॉन' फिल्म पर्दे पर आने वाली है और फिल्म 'सिटाडेल' में भी नजर आएंगे। इसमें उनके साथ साउथ एक्ट्रेस सामंथा प्रभु मुख्य भूमिका में हैं। ऐसा भी कहा जा रहा है कि वह 'स्त्री-2' में नजर आएंगे। यह फिल्म 30 अगस्त 2024 को रिलीज होगी।

## 12th Fail की सफलता : होमवर्क करके आते हैं फरहान







मुंबई । आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा और आईआरएस अधिकारी श्रद्धा जोशी के जीवन पर आधारित '12th फेल' साल 2024 की हिट फिल्म है. मामूली बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी. इस फिल्म में विक्रांत मैसी को बतौर लीड एक्टर काफी पसंद किया गया था. हर किसी ने विक्रांत की एक्टिंग की जमकर तारीफें की थी. अब लोगों से तारीफें पाने के बाद विक्रांत मैसी सातवें आसमान पर हैं. एक्टर ने बॉलीवुड के फेमस एक्टर-डायरेक्टर फरहान अख्तर से जुड़ा एक किस्सा बताकर हर किसी को हैरान कर दिया है. उन्होंने फरहान की खूब तारीफें की. बता दें कि फरहान संग विक्रांत ने फिल्म दिल धड़कने दो में काम किया था. यह फिल्म 2015 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म को फरहान की बहन जोया अख्तर ने निर्देशित किया था. वहीं इसे फरहान अख्तर प्रोड्यूस किया था. फिल्म में अनिल कपूर, प्रियंका चोपड़ा, रणवीर सिंह, शेफाली शाह, राहुल बोस ने बतौर लीड एक्टर काम किया था. फिल्म करीब 83 करोड़ में बनी थी. यह बॉक्स ऑफिस पर सुपरहित साबित हुई थी. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसने दुनियाभर में करीब 150.05 करोड़ रुपए की कमाई की थी. अब फिल्म रिलीज के करीब 9 साल बाद विक्रांत ने फरहान संग काम करने का अपना एक्सीपिरियंस शेयर किया है.अपना होमवर्क करके आते हैं फरहान अनफ़िल्टर्ड बाय समदीश के साथ अपनी बातचीत के दौरान, विक्रांत ने फरहान की तारीफें करते हुए कहा कि वो अपना होमवर्क करके आते हैं. रिपोर्ट के अनुसार, विक्रांत मैसी ने कहा -वो ( फरहान अख्तर) हमेशा अपना होमवर्क करके ही आते हैं. आगे वह 'दिल धड़कने दो' फिल्म की शूटिंग का किस्सा बाते हुए आगे कहा- फरहान अख्तर फिल्म दिल धड़कने दो को प्रोड्यूसर कर रहे थे. उन्होंने खुद इस फिल्म के डायलॉग लिखे थे. फिल्म को उनकी बहन बहन जोया डायरेक्ट कर रही थीं. आगे उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म के सेट पर फरहान बिना किसी स्क्रिप्ट के आते थे. वहीं वह फिल्म के सारे डायलॉग पहले से याद करके आते थे. वह अपना होमवर्क पहले से कर लेते थे . अगर कोई फरहान के इस खूबी को नहीं समझ सका या ऐसा नहीं करता तो उन्हें शर्म आनी चाहिए.

## शादी के दिन रकुल को यह स्पेशल गिफ्ट देंगे जैकी, इवेंट में यूं लगाएंगे चार चांद



नई दिल्ली । सेलेब्रिटी कपल जैकी भगनानी और रकुल प्रीत सिंह 21 फरवरी 2024 को गोवा में शादी करने जा रहे हैं। यह एक बीच वेडिंग होगी और खबर है कि समंदर किनारे की खूबसूरत लोकेशन पर जैकी अपनी होने वाली पत्नी को एक खूबसूरत तोहफा देंगे। जैकी भगनानी एक गाना पेश करेंगे जो उन्होंने खास तौर पर रकुल प्रीत के लिए लिखा है। यह गाना उनकी लव स्टोरी को बताएगा और इनमें दोनों की जिंदगी से जुड़ी बातों को शामिल किया गया है। सॉन्ग का टाइटल 'बिन तेरे' रखा गया है।

**रकुल के लिए खास परफॉर्मेंस देंगे जैकी** जैकी भगनानी की परफॉर्मेंस इस डेस्टिनेशन वेडिंग में तो चार चांद लगाएगी ही, लेकिन साथ ही साथ यह रकुल प्रीत सिंह के लिए इस शादी को हमेशा के लिए यादगार बना देगी। गाने को मयूर पुरी ने लिखा है और कंपोज किया है तनिष्क बागची ने, गाने को आवाज भी तनिष्क और जाहरान एस खान ने दी है। जैकी और रकुल प्रीत की शादी में सिर्फ परिवार और कुछ करीबी दोस्त शरीक होंगे और इस इवेंट को काफी प्राइवेट रखने के कोशिश की जा रही है।

**जैकी देना चाहते थे कोई यादगार तोहफा** बॉम्बे टाइम्स की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जैकी ने अपने दिल की बातों को इस गाने में शामिल किया है और यह परफॉर्मेंस रकुल प्रीत सिंह की शादी का एक अहम हिस्सा होगी। जैकी चाहते थे कि रकुल को इस मौके पर कुछ बहुत अर्थपूर्ण और कभी ना भुलाई जा सकते वाली चीज गिफ्ट करें। यह गाना रकुल और जैकी के मिलने को म्यूजिकल अंदाज में बताता है और उनकी साथ में खूबसूरत शुरुआत के बारे में होगा।

**शादी के तुरंत बाद करेंगे काम पर वापसी** जैकी भगनानी चाहते थे कि उनकी होने वाली पत्नी इस गाने को सबसे पहले सुने और महसूस करे इसलिए उन्होंने इस बात को उनसे छिपाकर रखा। शादी के फंक्शन्स गोवा में शुरू हो चुके हैं। शादी से पहले सेलेब्रिटी कपल को मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में स्पॉट किया गया। शादी के बाद दोनों सेलेब्रिटी अपने-अपने काम पर लौट जाएंगे और अभी हनीमून को प्राथमिकता देने की बजाए अपने प्रोजेक्ट पूरे करने पर फोकस रहेगा।

# बाफ्टा अवार्ड्स 2024 में देसी गर्ल बनकर छाईं दीपिका पादुकोण



मुंबई । 77वां ब्रिटिश अकादमी फिल्म पुरस्कार 18 फरवरी की रात को आयोजित किया गया। बाफ्टा अवॉर्ड्स यानी ब्रिटिश अकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवॉर्ड्स लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में हुआ। बाफ्टा अवॉर्ड्स में बॉलीवुड की दिग्गज अदाकरा दीपिका पादुकोण प्रेजेंटर बनकर शामिल हुईं। अभिनेत्री डेविड बेकहम और दुआ लीपा जैसे सितारों के साथ बतौर प्रेजेंटर शामिल हुईं।

दीपिका पादुकोण ने समारोह में द जोन ऑफ इंटरेस्ट के लिए अभिनेता जोनाथन ग्लेजर को अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया। दीपिका ने अवॉर्ड्स के रेड कार्पेट पर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। इस दौरान वह सुनहरे रंग शिमरी साड़ी में दिखाई दीं। मैचिंग ब्लाउज के साथ उन्होंने इसे पेयर किया। उन्होंने बालों का बन बनाया हुआ था और सटल मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया।

इस दौरान दीपिका पर सभी की निगाहें टिकी हुई थीं। दीपिका पादुकोण ने इस दौरान की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। तस्वीरें देख फैंस बिना उनकी तारीफ किए नहीं रह पा रहे हैं। अभिनेत्री ने बाफ्टा अवॉर्ड्स में प्रेजेंटर के रूप में चुने जाने के लिए आभार व्यक्त किया। उनकी स्टाइलिस्ट शालीना नथानी ने अभिनेत्री की तस्वीरें साझा कर लिखा, 'आज रात बाफ्टा में।'

बाफ्टा अवार्ड्स 2024 में दीपिका को स्टेज में बतौर प्रजेंटर देखकर उनके फैंस खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। सोशल मीडिया पर फैंस जमकर उनकी तारीफ कर रहे हैं। बाफ्टा में साड़ी पहनकर शामिल होने पर दीपिका के फैंस उनपर गर्व महसूस कर रहे हैं। बाफ्टा फिल्म पुरस्कार वितरण समारोह में हॉलीवुड फिल्म ओपेनहाइमर छाई रही। ओपेनहाइमर को 13 श्रेणियों में समारोह में नामित किया गया था।

# सोने में सुधार जारी, चांदी 350 रुपये तक घटी, जानिये इंदौर, उज्जैन और रतलाम के भाव



**इंदौर।** अंतरराष्ट्रीय बुलियन वायदा मार्केट में सोने की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। अमेरिकी से ब्याज दरों में लंबे समय तक बढ़ोतरी की आशंकाओं ने कीमतों को अभी भी काफी हद तक सीमित रखा है। फरवरी की शुरुआत में सोना 2,000 डॉलर प्रति औंस से नीचे पहुंचा था। अब सोना पिछले दो सत्रों में समर्थन स्तर से ऊपर लौट आया है, यह अभी भी जनवरी के मध्य में पहुंची रेंज 2,000-2,050 डॉलर प्रति औंस के भीतर बना हुआ है। डालर में मजबूती का असर सोने पर पड़ रहा है।कॉमेक्स पर सोना सुधरकर 2022 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता देखा गया। इसके चलते इंदौर में सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन सोने के दाम मजबूत बोले गए। इंदौर में सोना कैडबरी बढ़कर 63600 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। दूसरी ओर चांदी में ऊंचे दामों पर ग्राहकी का सपोर्ट नहीं मिलने से कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को इंदौर में चांदी 350 रुपये घटकर 72500 रुपये प्रति किलो रह गई। बाजार में वैवाहिक सीजन की ग्राहकी सीमित देखने को मिली है। कामेक्स सोना ऊपर में 2022 तथा नीचे में 2008 डॉलर प्रति औंस और चांदी ऊपर में 23.45 व नीचे में 23.01 डालर प्रति औंस पर कारोबार करती देखी गई। सोना कैडबरी रवा नकद में 63600 रुपये, सोना (आरटीजीएस) 63650 रुपये तथा सोना (91.60 कैरेट) 58300 रुपये प्रति दस ग्राम बोला गया। शनिवार को सोना 63575 रुपये पर बंद हुआ था। वहीं, चांदी चौरसा 72500 रुपये, चांदी टंच 72700 रुपये तथा चांदी चौरसा (आरटीजीएस) 72500 रुपये प्रति किलो बोली गई। शनिवार को चांदी 72850 रुपये पर बंद हुई थी।

# घटे दामों पर बिकवाल पीछे हटने से मूंगफली तेल 30 रुपये तक उछला



**इंदौर।** मूंगफली तेल में नीचे दामों पर प्लांटों की बिकवाली घटने के कारण सोमवार को इसकी आवक बेहद कमजोर रही, जिससे कीमतों में पुनः तेजी देखने को मिली है। सोमवार को मूंगफली तेल इंदौर 30 रुपये बढ़कर 1450-1470, मुंबई 1470 रुपये प्रति दस किलो पर पहुंच गया। हालांकि ज्यादा तेजी की गुंजाइश कम नजर आ रही है, क्योंकि मूंगफली तेल में वैवाहिक सीजन वालों की मांग काफी धीमी हो गई है। दूसरी ओर विदेशों में सोया तेल की सप्लाई जोरदार बनी हुई है।भारत में सरसों, सोयाबीन के स्टाक भी बहुत ज्यादा बताया जा रहा है। ट्रेड को यकीन है कि देश-विदेश की अतिरिक्त सप्लाई मार्केट में दबाव और बढ़ाएंगी। अगले 8-10 सप्ताह में सभी तेल 2023 के लो को तोड़ भी सकते है। आज के लेवल से तेलों के रिकवरी की उम्मीद के चांस बहुच कम नजर आ रहे है। इधर, मई महीना अब से केएलसीई का बेंचमार्क होगा। रिट्रेसमेंट विश्लेषण के अनुसार 3750 पर मजबूत समर्थन दिख रहा है। इसके चलते केएलसीई में बड़ी गिरावट की उम्मीद नहीं है। सोमवार को केएलसीई 54 अंक प्लस पर कारोबार करती देखी गई। सोया तेल में सीमित पूछपरख रहने से भाव मजबूत बोले गए। इंदौर में सोयाबीन तेल 893-895 रुपये प्रति दस किलो बोला गया। देशभर में सोयाबीन की आवक दो लाख 30 हजार बोरी की दर्ज की गई, जिसमें से मध्य प्रदेश में आवक एक लाख 25 हजार बोरी बताई गई। मंडी सोयाबीन 4400, सरसों निमाड़ी 6200-6300, रायडा 4100-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। लूज तेल के दाम - (प्रति दस किलो के भाव) मूंगफली तेल इंदौर 1450-1470, मुंबई मूंगफली तेल 1470, इंदौर सोयाबीन तेल रिफाइंड 893-895, इंदौर सोयाबीन साल्वेंट 840-845, इंदौर पाम 905-908, मुंबई सोया रिफाइंड 885, सोया डीगम 812, मुंबई पाम तेल 855, राजकोट तेलिया 2320, गुजरात लूज 1450, कपास्या तेल इंदौर 830 रुपये प्रति दस किलो के भाव बताए गए।

प्लांट सोयाबीन खरीदी भाव - धीरेंद्र सोया 4650, नीमच प्रोटीन 4660, एमएस साल्वेक्स 4675, अंबिका कालापीपल 4565, सूर्या सोया 4650, धानुका सोया 4640, लक्ष्मी 4590, खंडवा आइल 4525, लिविंग फूड्स 4525, प्रेस्टीज सोया 4615, प्रकाश सोया 4615, रुचि 4480, केपी निवाड़ी 4575, रामा 4500, सांवरिया 4525, अवी एग्रो 4500, बैतूल 4600, अंबिका जावरा 4565 रुपये प्रति क्विंटल।

# मसूर में ग्राहकी कमजोर होने से भाव में आंशिक गिरावट, लंबी मंदी नहीं



**इंदौर।** मसूर दाल में मांग का सपोर्ट कमजोर मिलने और हल्की क्वालिटी की मसूर की आवक अच्छी होने के कारण मसूर के दाम कुछ दबाकर बोले गए। सोमवार को मसूर 50 रुपये घटकर 5950 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। मसूर का घरेलू उत्पादन और आयात की स्थिति अभी भी स्पष्ट नहीं होने से खरीदारों में अनिश्चितता माहौल बना हुआ है। सरकार ने पांच लाख टन इम्पोर्टेड मसूर खरीदी है। अगले महीने के अंत से नया मसूर भी शुरू हो जाएगा और फिर एमएसपी 6425 रुपये पर सरकारी खरीदी भी आ सकती है।इस वर्ष मसूर की बोवनी 5.68 फीसद बढ़कर 19.51 लाख हेक्टेयर में हुई है। सरकार का मानना है की इस साल मसूर उत्पादन रिकार्ड 16 लाख टन पार कर सकता है। हालांकि उद्योग जगत की माने तो 12-14 लाख टन के बीच उत्पादन रह सकता है। नए मसूर की छिटपुट आवक कुछ क्षेत्रों में शुरू हो गई और 10 दिन में आवक बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। मध्यप्रदेश के कई जिलों में मसूर यील्ड कमजोर रहने की शिकायत मिल रही। तुवर दाल के ऊंचे भाव होने के कारण मसूर की खपत बढ़कर सालाना 23-24 लाख टन तक पहुंच गई है।

मसूर की बढ़ती खपत को देखते हुए मसूर में ज्यादा मंदी की गुंजाइश नहीं है। मांग निकलने पर कीमतों में पुनः तेजी के संकेत हैं। मसूर उत्पादन में यदि बड़ा पोल निकला तो मसूर में अच्छी मजबूती देखने को मिल सकती है। चना कांटे में सीमित पूछपरख रहने से भाव मजबूती पर टिके रहे। चना कांटा 6000 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। अन्य दाल-दलहन में कारोबार सामान्य रहा। भाव में कोई खास परिवर्तन नहीं रहा। कंटेनर में डालर चना 40/42 15400, 42/44 15200, 44/46 15000, 58/60 14000, 60/62 13900, 62/64 13800 रुपये क्विंटल पर पहुंच गया।

दलहन के दाम - चना कांटा 6000, विशाल 5800-5850, नया विशाल 5600-5750, डंकी 5500-5700, मसूर 5950, तुवर महाराष्ट्र सफेद 9800-10000, कर्नाटक 10000-10200, निमाड़ी तुवर 8700-9300, मूंग 9000-9100, बारिश का मूंग नया 9200-10000, एवरेज 7000-8000, उड़द बेस्ट 8800-9200, मीडियम 7000-8000, हल्की उड़द 3000-5000, गेहूं मिल क्वालिटी 2500-2550, मालवराज बेस्ट 2400-2525, लोकवन 2650-3150, पूर्णा 2650-3150 रुपये क्विंटल के भाव रहे।

दालों के दाम - चना दाल 7800-7900, मीडियम 8000-8100, बेस्ट 8200-8300, मसूर दाल 7400-7500, बेस्ट 7600-7700, मूंग दाल 10700-10700, बेस्ट 10800-10900, मूंग मोगर 11200-11300, बेस्ट 11400-11500, तुवर दाल 11800-11900, मीडियम 12800-12900, बेस्ट 13900-14000, ए. बेस्ट 14900-15000, पैक्ड तुवर दाल नई 15000, उड़द दाल 10800-10900, बेस्ट 11000-11100, उड़द मोगर 11000-11100, बेस्ट 11200-11300 रुपये क्विंटल के भाव रहे।

इंदौर चावल भाव - दयालदास अजीतकुमार छावनी के अनुसार बासमती (921) 11500-12500, तिबार 10000-11000, बासमती दुबार पोनिया 8500-9500, मिनी दुबार 7500-8500, मोगरा 4500-7000, बासमती सेला 7000-9500 कालीमूंछ डिनरकिंग 8500, राजभोग 7500, दुबराज 4500-5000, परमल 3200-3400, हंसा सेला 3400-3600, हंसा सफेद 2800-3000, पोहा 4300-4700 रुपये क्विंटल।

# लग्जरी सामान बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-100 कंपनियों में छह भारतीय, डेलॉय ने जारी की सूची

मुंबई। लग्जरी उत्पाद बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-100 कंपनियों में छह भारतीय कंपनियां भी अपनी जगह बनाने में कामयाब रही हैं। इन छह कंपनियों में मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स और टाइटन के साथ चार अन्य भारतीय आभूषण निर्माता कंपनियां भी शामिल हैं। डेलॉय की सोमवार को जारी 'वैश्विक लग्जरी सामान सूची-2023' में 19वें स्थान पर काबिज मालाबार गोल्ड अग्रणी घरेलू कंपनी है। पहली बार इसे सूची में जगह मिली है। टाटा समूह की इकाई टाइटन कंपनी 24वें स्थान पर है। विविध क्षेत्रों में काम करने वाली फ्रांस की लग्जरी कंपनी एलवीएमएच इस सूची में शीर्ष स्थान पर काबिज है। पीवीएच कॉर्प दूसरे और रिचमोंट तीसरे स्थान पर है। **घरेलू लग्जरी बाजार में महत्वपूर्ण वृद्धि** डेलॉय ने रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे बढ़ रही है, उपभोक्ताओं में प्राथमिकताएं विकसित हो रही हैं। देश के लग्जरी बाजार में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी जा रही है, जो घरेलू ब्रांड की वैश्विक पहचान में योगदान दे रही है। देश में लग्जरी उत्पादों की मांग और बढ़ने की उम्मीद है। इससे घरेलू ब्रांड को वैश्विक स्तर पर उभरने के पर्याप्त अवसर मिलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया की शीर्ष-100 लग्जरी उत्पाद विक्रेताओं ने 2023 में कुल 347 अरब डॉलर का कारोबार किया। यह सालाना आधार पर 13.4 फीसदी की बढ़ोतरी है। 347 अरब डॉलर के कुल कारोबार में एलवीएमएच की हिस्सेदारी 31 फीसदी है। डेलॉय के मुताबिक, लग्जरी उत्पाद बनाने वाली दुनिया की शीर्ष-10 कंपनियों का 63 फीसदी बाजार पर कब्जा है। सालाना आधार पर इनकी बिक्री में 23 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। शीर्ष-100 कंपनियों के कुल शुद्ध लाभ में इनकी हिस्सेदारी 76.4 फीसदी है। बैटरी बनाने वाली कंपनी टेस्ला पावर इंडिया अपनी विस्तार योजनाओं के तहत विभिन्न क्षेत्रों में दो हजार से अधिक कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बना रही है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि इस भर्ती अभियान में बिक्री, इंजीनियरिंग, परिचालन, विपणन व समर्थन कार्यों से जुड़े पद शामिल होंगे। इससे युवाओं के लिए नौकरी के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होंगे। कंपनी के एमडी कविंदर खुराना ने कहा कि हम भारत में कारोबार विस्तार के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## खेल

# वूमेंस प्रीमियर लीग की शुरुआत शुक्रवार से



नई दिल्ली: वूमेंस प्रीमियर लीग यानी डब्ल्यूपीएल के दूसरे एडिशन के लिए दिसंबर को प्लेयर्स ऑक्शन हुआ था. डब्ल्यूपीएल के ऑक्शन के लिए 165 खिलाड़ियों के नाम रजिस्टर किए गए थे. वुमंस प्रीमियर लीग में 5 टीमें मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, यूपी वारियर्स, गुजरात जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर हिस्सा लेंगी. 23 फरवरी से इस टूर्नामेंट का आगाज होगा. आइए जानते हैं वूमेंस प्रीमियर लीग में होने वाले इन मुकाबलों का लुत्फ आप कहां उठा पाएंगे.

वूमेंस प्रीमियर लीग के मुकाबलों का लाइव लुत्फ आप स्टार स्पोर्ट्स या हॉटस्टार एप पर नहीं उठा पाएंगे. स्पोर्ट्स 18 इन मैचों का भारत में सीधा प्रसारण करेगा. वहीं, इंटरनेट के जरिए मैच का लुत्फ आप फ्री में जियो सिनेमा एप के जरिए उठा पाएंगे. डब्ल्यूपीएल के मुकाबले अरुण जेटली स्टेडियम और चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जाएंगे. टूर्नामेंट में कुल 22 मुकाबले होंगे. फाइनल 17 मार्च को अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा.

मुंबई इंडियंस: अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हरमनप्रीत कौर, हेले मैथ्यूज, हुमैरा काजी, इस्सी वोंग, जिन्तिमनी कलिता, नैट साइवर-ब्रंट, पूजा वस्त्राकर, प्रियंका बाला, सैका इशाक, यास्तिका भाटिया, शबनीम इस्माइल, एस सजना, अमनदीप कौर, फातिमा जाफ़र, कीर्तन बालाकृष्णन.

दिल्ली कैपिटल्स: एलिस कैप्सी, अरुंधति रेड्डी, जेमिमाह रोड्रिग्स, जेस जोनासेन, लॉरा हैरिस, मारिज़ैन कैप, मेग लैनिंग, मिन्नू मणि, पूनम यादव, राधा यादव, शेफाली वर्मा, शिखा पांडे, स्नेहा दीप्ति, तानिया भाटिया, टिटास साधु, एनाबेल सदरलैंड , अपर्णा मंडल, अश्वनी कुमारी.

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर: आशा शोभना, दिशा कसाट, एलिसे पेरी, हीथर नाइट, इंद्राणी रॉय, कनिका आहूजा, रेणुका सिंह, ऋचा घोष, श्रेयंका पाटिल, स्मृति मंधाना, सोफी डिवाइन, जॉर्जिया वेयरहम, केट क्रॉस, एकता बिष्ट, शुभा सतीश, एस मेघना, सिमरन बहादुर, सोफी मोलिनेक्स.

यूपी वारियर्स: एलिसा हीली, अंजलि सरवानी, दीप्ति शर्मा, ग्रेस हैरिस, किरण नवगिरे, लॉरेन बेल, लक्ष्मी यादव, पारशवी चोपड़ा, राजेश्वरी गायकवाड़, सोप्पाधंडी यशश्री, श्वेता सहरावत, सोफी एक्लेस्टोन, ताहलिया मैकग्राथ, डैनी व्याट, वृंदा दिनेश, पूनम खेमनार, साइमा ठाकोर, गौहर सुल्ताना.

गुजरात जायंट्स: एश्ले गार्डनर, बेथ मूनी, दयालन हेमलता, हरलीन देयोल, लौरा वोल्वार्ड्ट, शबनम शकील, स्नेह राणा, तनुजा कंवर, फोबे लिचफील्ड, मेघना सिंह, त्रिशा पूजिता, काशवी गौतम, प्रिया मिश्रा, लॉरेन चीटल, कैथरीन ब्राइस, मन्नत कश्यप , वेदा कृष्णमूर्ति, तरन्नुम पठान.

# कभी टेंट में रहने को मजबूर थे क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल

मुंबई । इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए पिछले तीन टेस्ट मैचों में भारतीय युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। वह इस सीरीज में अब तक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पिछले तीन मैचों में लगातार दो दोहरे शतक के साथ 545 रन बना लिए हैं। इस मुकाम तक पहुंचना उनके लिए आसान नहीं रहा।

**सड़कों पर बेचे गोलगप्पे, टेंट में गुजारी रात**

भारत के लिए सात टेस्ट मैच खेल चुके जायसवाल का जन्म उत्तर प्रदेश के भदोही में हुआ। पिता एक छोटी सी दुकान चलाते हैं और माँ गृहणी हैं। यशस्वी अपने घर के छोटे बेटे हैं। हालांकि, क्रिकेट से लगाव की वजह से वह 10 साल की उम्र में मुंबई पहुंच गए। यहां उन्हें कुछ वर्षों तक गुमनामी की जिंदगी गुजारनी पड़ी। गुजर-बसर के लिए उन्हें सड़कों पर गोलगप्पे भी बेचने पड़े। रहने के लिए इस युवा के पास अपना घर तक नहीं था। वह टेंट में रातें गुजारते और दिन में अभ्यास करते।

यशस्वी जायसवाल की दिन-रात की मेहनत तब रंग लाई जब उन्हें मुंबई के लिए खेलने का मौका मिला। 22 फर्स्ट क्लास मैचों में युवा बल्लेबाज ने 12 शतक और चार अर्धशतक की मदद से 2706 रन बनाए। वहीं, लिस्ट ए के 32 मुकाबलों में 1511 रन बनाए। इस फॉर्मेट में उनके नाम पांच शतक और सात अर्धशतक दर्ज हैं।

**डेब्यू मैच में जड़ा शतक**

राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले साल टेस्ट डेब्यू किया था। अपने पहले ही मैच में उन्होंने 171 रनों की शानदार पारी खेलकर क्रिकेट जगत में सनसनी फैला दी थी। इस मैच में उन्होंने 16 शतक और एक अर्धशतक जड़ा था। इसके बाद उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला। उम्मीद है कि बहुत जल्द उन्हें वनडे में भी पदार्पण का मौका मिल सकता है।

**तीन टेस्ट मैचों में यशस्वी ने बनाए खास रिकॉर्ड**

भारत और इंग्लैंड के बीच जारी इस सीरीज में यशस्वी ने लगातार दो टेस्ट में दोहरे शतक लगाए। ऐसा करने वाले भारत के तीसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने इस मामले में विनोद कांबली और विराट कोहली की बराबरी की। इसके अलावा उन्होंने टेस्ट की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पाकिस्तानी दिग्गज वसीम अकरम की संयुक्त रूप से बराबरी कर ली है।

# सतना शहर के विकास में लगातार की जा रही है लापरवाहियां

## आधे में रोका रोड में खुदाई का काम



सतना, नगर पालिक निगम सतना अंर्तगत सार्थक हास्पिटल पन्ना रोड में 16/02/24 को नाले का काम शुरू कर के और खुदाई करावाकर काम को आधे में रोक दिया गया है और कोई भी ठेकेदार या कर्मचारी देखने नहीं आते और काम अधूरा पडा है 2 दिन से नाल का काम अधूरा पडा है और कोई भी ठेकेदार या कर्मचारी देखने नहीं आता लेबर आकर भी कोई जिम्मेदार ना होने के कारण काम नही करते जिससे आस पास खुले व्यवसाय जैसे हास्पिटल, होटल, दुकानें और लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और आये दिन जानवर उसी नाले में गिर रहे हैं जो भी काम हो रहा है वो भी घटिया तरीके से कराया जा रहा है लोगो की आराजी को खोद दिया गया है और नुकसान पहुंचाया जा रहा है खोदे गए नाले में काम मे गति ना होने के कारण छोटी छोटी नालियों का पानी स्टोर हो रहा है और उसी भरे पानी मे नाले का निर्माण हो रहा है और कोई भी ठेकेदार या कर्मचारी सुनने को तैयार नहीं है और ठेकेदारों द्वारा अपने मन से काम करने को कहा जाता है। आस पास खुले व्यवसाय के लोगों मे आक्रोश उत्पन्न हो रहा है आस पास के लोगों का कहना है कि अगर 2 दिन के अंदर नाले का निर्माण नहीं कराया जाता तो नगर निगम को जनता के आक्रोश का सामना करना पडेगा और महापौर जी एवं निगमायुक्त जी को ज्ञापन सौंप कर आगवत करायेंगे।

### कलेक्टर द्वारा समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

# डीजे संचालको के खिलाफ सख्त कार्यवाही करे- कलेक्टर



**झाबुआ,** कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा कलेक्टर सभाकक्ष में सोमवार प्रात: 11 बजे समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा राजस्व महाभियान अंतर्गत राजस्व प्रकरणों के निराकरण की अद्यतन प्रगति, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी योजना के हितग्राहियों के ekyc updation आधारसीडिंग तथा राशि वित्तरण, लंबित अनुकम्पा नियुक्ति/पेंशन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति, जिले में संचालित लोकसेवा केन्द्रों के निरिक्षण तथा आधारकार्ड के नियमित संचालन, आगामी ग्रीष्मऋतु को दृष्टिगत रखते हुए शहरी / ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना की समीक्षा की गई। समयावधि पत्रों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की एवं निर्देशित किया की शासन से प्राप्त पत्रों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करें । सी.एम. हेल्पलाइन 181 पोर्टल पर लंबित शिकायतों की समीक्षा कर एल 3 एवं एल 4 लेवल पर लंबित शिकायतों को शीघ्रता से निराकृत करने को कहा गया। कलेक्टर द्वारा सभी अनुविभागीय अधिकारियों, जिलाधिकारियों, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को आवंटित ग्राम पंचायतों में पीडीएस दुकानों का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही डीजे संचालको के खिलाफ सख्त कार्यवाही एवं खाद्य पदार्थो में अपमिश्रण करने वाले विक्रेताओ पर नियमित कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना अंतर्गत किए गए जनपदवार पंजीयन की जानकारी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से योजना ली गई एवं निर्देशित किया कि पंचायत स्तर पर आवेदनों का सत्यापन समय सीमा में करे इसकी प्रतिदिन समीक्षा की जाएंगी। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एस.एस. मुजाल्दा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री हरिशंकर विश्वकर्मा एवं समस्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगरीय क्षेत्र थांदला में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'(द्वितीय चरण) का आयोजन किया गया






झाबुआ, नगरीय क्षेत्र थांदला में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा( द्वितीय चरण) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासिन अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। तपश्चात मेरी कहानी मेरी जुबानी गतिविधि के तहत भारत सरकार की योजनाओं में सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना, महिला बाल विकास विभाग की योजना, आयुष विभाग, केनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, जिला सहकारी बैंक , स्वास्थ्य विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, नगर परिषद कार्यालय द्वारा शिविर लगाकर अपने अपने विभाग में प्रचलित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं योजनाओं में वंचित शेष पात्र हितग्राहियों को लाभ देने हेतु उपस्थित अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों के आवेदन पंजीयन किये गये तथा जिन हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदाय किया जाना था उन हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभान्वित किया गया।

### इंदौर संभाग के कमिश्नर श्री मालसिंह की अनूठी पहल

# झाबुआ में आयोजित हुआ ऐतिहासिक स्वास्थ्य शिविर, 5633 से अधिक लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच



**झाबुआ,** इंदौर संभाग के कमिश्नर श्री मालसिंह के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के जिलों में गांव के अंतिम पंक्ति में बैठे समाज के लोगों के लिए वृहद स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से मदद पहुंचाने की अनूठी पहल की गई। इसी कड़ी में झाबुआ जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 18 फरवरी को आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र राणापुर में ऐतिहासिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 5633 से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उनका सम्पूर्ण उपचार किया गया है। झाबुआ जिला राणापुर तहसील के इतिहास में इंदौर संभाग के कमिश्नर श्री मालसिंह की पहल पर एवं जिला स्वास्थ्य के सहयोग से यह अब तक का सबसे बड़ा सम्पूर्ण सुविधाओं युक्त स्वास्थ्य शिविर है जिसमें इतनी बड़ी संख्या में आमजन ने अपनी स्वास्थ्य जांच कर उपचार कराया है। शिविर में चिन्हित जिन लोगों का यहां उपचार संभव नहीं है, उन लोगों के फोलोअप की भी व्यवस्था की गई है। राणापुर में स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ संभागायुक्त श्री मालसिंह ने किया साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य सेवा को सबसे पुनीत और पुण्य का कार्य बताया। साथ ग्रामीणजन से अनुरोध कर कहा कि इस वृहद स्वास्थ्य शिविर का लाभ ले। कार्यक्रम में आभार डॉ. उषा गहलोत ष्ट्क्व्ल्ह ने प्रकट किया। इस शिविर में इंदौर से सभी विधाओं के 165 से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच एवं उपचार के लिए उपस्थित थे। शिविर में मरीजों के पंजीयन के लिए 29 काउंटर एवं जनरल मेडिसीन के 36 काउंटर, दवाई वितरण के 20 काउंटर के साथ गर्भवती महिलाओं के साथ सिकलसेल एनीमिया सहित सम्पूर्ण इलाज एवं जांच की व्यवस्था की गई थी। अलग-अलग बीमारियों की जांच के लिए अलग-अलग कक्ष बनाएं गए थे। इंदौर संभाग के कमिश्नर श्री मालसिंह द्वारा अत्यंत गरीब परिवार की 10 वर्ष तक की आयु की 10 दिव्यांग एवं मुक बधिर बालिकाओं को जनसहयोग से गोद लेकर भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना में डाकघर में खाते खुलवाने के प्रोसेस की गई हैं। जिले की इन बालिकाओं को जल्द डाकघर की पासबुक प्रदान की जायेगी। इन बालिकाओं के 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर कमिश्नर श्री मालसिंह द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना की मासिक किस्त जनसहयोग से जमा कराई जाएगी। आयुक्त श्री मालसिंह की पहल से एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर के साथ अरविंदो मेडिकल कॉलेज इंदौर, विशेष जुपिटर, सुयोग हॉस्पिटल एवं इंदौर के कई प्राइवेट चिकित्सालय संस्थाओं के करीबन 165 से अधिक चिकित्सकों ने स्वास्थ्य सेवाओं में अपना योगदान दिया। इस स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न विधाओं की विशेषज्ञो मेडिसिन विभाग, सर्जरी विभाग ईएनटी, नेत्र, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, डेंटल, फिजियोथेरेपी के साथ-साथ अन्य विधाओं के चिकित्सक उपस्थित रहे। जिसमे पैथोलॉजी विभाग की तरफ से विभिन्न प्रकार की जांच भी की गई जिसमें खून की जांच, पेशाब की जांच, ब्लड प्रेशर की जांच, शुगर की जांच के साथ-साथ अन्य सभी प्रकार की जांच भी की गई। शिविर की विशेषता यह रही कि यहाँ महिलाओं की सोनोग्राफी जांच एवं ईको, इसीजी, कार्डियों सहित सभी प्रकार की जांच की गई और एएनसी परीक्षण किए गए। स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न बीमारियों के साथ-साथ, कैंसर, नाक, कान, गला, हड्डी के चिकित्सकों द्वारा भी अपनी सेवाएं प्रदान की गई। इस शिविर में जिला चिकित्सालय झाबुआ के चिकित्सकों एवं लगभग 700 पैरामेडिकल स्टाफ एवं आशाकार्यकर्ता द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। शिविर में चिकित्सको द्वारा कुछ ऐसी बीमारियां चिन्हित की गई है जिनका उपचार यहां संभव नहीं है उनका उपचार एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर से संबद्ध समस्त चिकित्सालय में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए संभागायुक्त द्वारा डॉ. डीके शर्मा को समन्वयक नियुक्त किया गया और उनका मंच से मोबाइल नंबर 9827347622 हितग्राहियों को प्रदान किया गया। शिविर मे 5633 लोगो का निःशुल्क उपचार किया गया, जिसमे 438 सोनोग्राफी निःशुल्क की गयीं। 1100 लोगो की शुगर बीपी के मरीजों की जांच एवं उपचार 66 हृदय रोगियों की जांच उपचार 65 दाँत जांच उपचार 41 चर्म रोगियों की जांच उपचार 93 आयुष्मान कार्ड बनाये गए 400 के लगभग आयुर्वेद पद्धति जांच और उपचार स्वास्थ्य मेले मे हर रोगी के लिए निःशुल्क उपचार किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व मेडिकल कॉलेज इंदौर के डीन डॉ. संजय दिक्षित, जॉइंट डायरेक्टर पनिका, अधीक्षक डॉ. डीके शर्मा, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ श्री दिनेश वर्मा, संयुक्त कलेक्टर श्री सत्यनारायण दर्रो, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भारत सिंह बघेल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी शीतल जैन द्वारा आयोजन उपरांत समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# ग्राम पंचायत गुजरपाडा सचिव श्री शंभुसिंह भूरिया को बहाल किया गया

**झाबुआ,** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रेखा राठौर के आदेशानुसार ग्राम पंचायत सचिव गुजरपाडा श्री शंभुसिंह भूरिया को शासन की महत्वाकांक्षी योजना मुख्य मंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के ई-केव्हायसी/ऑन लाईन फार्म के कार्य सम्पादन में रूचि नहीं लेने, आयुष्मान कार्ड तैयार करने में रूचि नहीं ली गई। ग्राम पंचायत सचिव गुजरपाडा द्वारा पंचायत मुख्यालय पर अनुपस्थित रहने, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों को पूर्ण कराने में किसी भी प्रकार के प्रयास नहीं करने, महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम म.प्र. के अंतर्गत निर्धारित लेबर बजट की लक्ष्य पूर्ति हेतु गंभीर प्रयास नहीं किये गए। साथ ही अन्य हितग्राही मुलक योजना/कार्यक्रमों के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ से वंचित रखने, वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जारी कारण बताओं सूचना पत्र का प्रतिउत्तर प्रस्तुत नहीं करने, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अव्हेलना करने तथा अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही एवं उदासीनता बरतने आदि जैसे कृत्य सम्पादित करने के कारण मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (ग्राम पंचायत सचिव भर्ती ओर सेवा शर्ते) नियम 2011 की कण्डिका (7) के प्रावधान के तहत निलंबित करते हुए विभागीय जॉच संस्थित की गई थी। श्री भुरिया द्वारा प्रस्तुत आवेदन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेघनगर द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन के आधार पर काम नहीं वेतन नहीं के आधार पर निलंबन अवधि का शेष वेतन राजसात करते हुए आगामी एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचय प्रभाव से रोकी जाकर श्री शंभुसिंह भूरिया सचिव ग्राम पंचायत गुजरपाडा को बहाल किया गया हैं।

# होर्डिंग लगाकर शादी के लिए लड़की खोज रहा रिक्शा ड्राइवर, लिखा-'जाति और धर्म का कोई बंधन नहीं'

दमोह । मध्य प्रदेश दमोह शहर में एक युवक अपनी शादी के लिए अनोखे अंदाज में युवती की तलाश कर रहा है. उसने ई-रिक्शा में एक बड़ा होर्डिंग लगा रखा है. इसमें उसने अपनी पूरी डिटेल (जैसे कि शिक्षा, हाइट, ब्लड ग्रुप आदि) लिखी है. ई-रिक्शा को लेकर वो शहर में घूम रहा है. जहां भी वो रिक्शा लेकर जाता है, लोग होर्डिंग में लिखी डिटेल को पढ़ने लगते हैं. फिलहाल, युवक शहर में चर्चा का विषय बन गया है. युवक का नाम दीपेंद्र राठौर है. उसने बताया कि उसकी उम्र 30 साल हो गई है. मगर, कोई रिश्ता नहीं आ रहा है. वो चाहता है कि उसकी शादी हो जाए. इसलिए वो ऐसा करने के लिए मजबूर है. होर्डिंग में उसने एक विशेष बात लिखी है. वो ये है कि शादी करने में जाति और धर्म का कोई बंधन नहीं है. किसी भी जाति और धर्म की युवती उसके पास शादी का प्रस्ताव लेकर आ सकती है या उसके परिवार के लोग आ सकते हैं. उसने कहा कि होर्डिंग लगाकर युवती खोजने की इस पहल में उसके माता-पिता की भी सहमति है. माता-पिता पूजा-पाठ में व्यस्त रहते हैं. इसलिए उनके पास शादी के लिए लड़की खोजने का समय नहीं है. इसलिए उसे ऐसा करना पड़ रहा है. उसने बताया कि फिलहाल वह खुद का ई-रिक्शा चलाता है और अपने परिवार का भरण-पोषण करता है. उसका कहना है कि जो भी युवती उसकी जीवन संगिनी बनेगी, वो हमेशा उसे खुश रखेगा.

# 'आचार्य श्री के आशीर्वाद से धन्य हुआ जीवन' - पवन नाहर

# थांदला दिगम्बर समाज ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

*झाबुआ, हमने गौरवशाली भारत के उस युग में जन्म लिया है जहाँ जैनाचार्य पूज्य श्री जवाहरलालजी म.सा., जैनाचार्य पूज्य श्री उमेशमुनिजी म.सा. 卐अणु卐, पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयंतसेन सूरीश्वरजी महाराज, कड़वे प्रवचन के जरिये इंसान को सही दिशा प्रदान करने वाले राष्ट्रसंत तरुणसागरजी महाराज, आध्यात्म चेतना के ध्रुव विद्यासागरजी महाराज, थांदला के महान संत पुण्यसागरजी महाराज आदि अनेक महान विभूतियों के दर्शन वंदन व उनके सानिध्य पाने का सुखद सौभाग्य पाने का अवसर मिला है उनके सानिध्य वात्सल्यमय आशीर्वाद से हमारा जीवन धन्य बन गया है। उक्त बातें ऑल इण्डिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पवन नाहर ने कही। उन्होंनें कहा कि बीती रात करीब ढाई बजे दिगम्बर संत शिरोमणि, भारत गौरव, अनेक भाषाओं के ज्ञाता, परम ज्ञानी, परम तपस्वी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के समाधि के समाचार प्राप्त हुए जो मन को पीड़ा देने वालें अवश्य थे लेकिन उनके द्वारा जिस समता भाव से जीवन जिकर मानव भव की सार्थक किया उसकी अनुमोदना ने आर्तभाव को मन मे लाने नही दिया। आपका यशस्वी साधनामय जीवन अनेक त्याग तपस्या व प्रभु महावीर के सिद्धांतों पर अडिग आस्था के साथ नश्वर देह को सार्थक करने वाला रहा है। विश्ववंदनीय, परम ज्ञानी, परम तपस्वी, वर्तमान के भगवान आचार्य श्री भले ही सशरीर हमारे मध्य विराजमान नहीं हैं किन्तु उनके ज्ञान, दिगम्बरत्व की कठिन तपस्या-साधना का सूर्य सदैव हम सभी को अपने प्रकाश से आलोकित करता रहेगा। आचार्य श्री के जीवन दर्शन और उपदेशों ने लाखों लोगों के जीवन का कल्याण किया है। हर मनुष्य यदि आचार्य श्री के दिखाए हुए मार्ग को जीवन में आत्मसात करें तो वह स्वयं के जीवन को सार्थक करते हुए परिवार, समाज, भारत देश और विश्व के कल्याण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राष्ट्रसन्त के समाधि मरण पर थांदला सकल जैन समाज ने आधे दिन तक अपना सम्पूर्ण व्यवसाय बंद रखा वही दिगम्बर जैन समाज न उनके लिए श्रद्धांजलि स्वरूप गुणानुवाद सभा का आयोजन रखा। सभा में बड़ी संख्या में जैन जेनेत्तर बन्धु उपस्थित रहे व विद्यासागरजी के साधनामय जीवन की अनुमोदना करते हुए उनके शीघ्र मोक्ष जाने की मंगल कामना की। सभा में दिगम्बर समाज के अध्यक्ष बाला कोठारी, महावीर मेहता, अनूप मिंडा, संजय कोठारी, प्रियंक मेहता, अभय मेहता, श्वेताम्बर स्थानकवासी संघ अध्यक्ष भरत भंसाली, नगीनलाल शाहजी, जितेंद्र घोड़ावत, हितेश शाहजी, पवन नाहर, समकित तलेरा, तेरापंथ सभा से अरविंद रुनवाल, संतोष श्रीमाल, प्रवीण मेहता, मूर्तिपूजक संघ अध्यक्ष कमलेश जैन, यतीश छिपानी, संजय जैन आदि में से अनेक श्रावक श्राविकाओं ने भी अपने भावों से पूज्य श्री के गुणों का स्मरण किया।*

# इजराइल ने लेबनान में कर दी बमबारी हिजबुल्ला के हथियारों का अड्डा नष्ट



**इंटरनेशनल डेस्क** - हमास के साथ युद्ध लड़ रहे इजराइल ने अब लेबनान पर हवाई हमला किया है। दक्षिणी लेबनान में कम से कम दो हवाई हमले हुए हैं। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने गवाहों के हवाले से बताया कि सोमवार देर रात तटीय लेबनानी शहर गाज़िया के पास एक इलाके में दो हवाई हमले किए गए। लेबनानी सुरक्षा एजेंसियों ने दावा किया है कि ये हमले इजराइल ने करवाए हैं। खबर है कि इस हमले में 14 लोग घायल हो गए। मृतकों के बारे में अभी कोई जानकारी जारी नहीं की गई है। वहीं, इजरायली सेना के प्रवक्ता का कहना है कि सिदोन के पास हिजबुल्लाह के हथियार अड्डे को निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों ने इजरायली हवाई हमले में कई तेज आवाजें सुनीं और गाजा के आसपास धुएं के बादल भी देखे। गाजा सिडोन के ठीक दक्षिण में और इज़राइल की सीमा से लगभग 60 किमी (37 मील) उत्तर में स्थित है। बताया गया कि इजरायली हवाई हमले में लेबनान का गाजा पूरी तरह तबाह हो गया। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि हवाई हमलों में सिडोन के दक्षिण में एक औद्योगिक क्षेत्र में कारखानों और गोदामों को निशाना बनाया गया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि किसे निशाना बनाया गया था। एक सूत्र ने बताया कि हवाई हमले में कम से कम 14 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें ज्यादातर सीरियाई कार्यकर्ता हैं। साथ ही इज़राइल के मुख्य सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि सिडोन के पास एक हथियार डिपो पर हवाई हमले लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह द्वारा इज़राइल में लॉन्च किए गए ड्रोन के जवाब में थे।

# डिप्रेशन से जूझ रहे बीटेक के स्टूडेंट ने की आत्महत्या, इस साल का यह चौथा मामला



**नेशनल डेस्क:** पिछले तीन साल से अवसाद का इलाज करा रहे एक बीटेक छात्र ने यहां आंबेडकर नगर में अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगा ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, युवक ने अलवर में तैनात अपने इंजीनियर पिता को रविवार को फोन करके आत्महत्या करने के अपने इरादे के बारे बताया, जिसके बाद उन्होंने पड़ोसियों से अपने बेटे को जाकर देखने के लिए कहा। पुलिस ने बताया कि मामला शाम को तब सामने आया, जब छात्र के पिता घर पहुंचे। कुन्हारी पुलिस थाने के उप निरीक्षक राजाराम ने कहा कि 23 वर्षीय युवक पिछले तीन साल से अवसाद का इलाज करा रहा था और उसने पहले भी आत्महत्या का प्रयास किया था। पुलिस ने सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पीड़ित की पहचान रोहित माथुर (23) के रूप में हुई, जो पंजाब के जालंधर से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था।

# अफगानिस्तान के नूरिस्तान में भयंकर लैंडस्लाइड 25 की मौत, कई लोग मलबे में दबे



**इंटरनेशनल डेस्क:** अफगानिस्तान के नूरिस्तान प्रांत में बड़े पैमाने पर लैंडस्लाइट हुआ है। इस हादसे में 25 से अधिक लोगों की जान चली गई है। जबकि 10 लोग घायल भी बताए जा रहे हैं। मंत्रालय के सूचना और संचार प्रमुख मोहम्मद अब्दुल्ला जान ने हाल ही में एक बयान में घोषणा की कि नूरगाराम जिले के नकराह गांव में हाल की बारिश के कारण हुए पहाड़ के खिसकने से मानव हताहत हुए और 15 लोगों की पूर्ण या आंशिक क्षति हुई। मोहम्मद अब्दुल्ला जान ने कहा कि हाल की बारिश के कारण नूरिस्तान, कुनार और पंजशीर प्रांतों में सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं। आपदा प्रबंधन मंत्रालय में सूचना और संचार प्रमुख के हवाले से खामा प्रेस ने बताया कि पंजशीर प्रांत में हिमस्खलन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप पांच कर्मचारी लापता हो गए। हालांकि, पंजशीर के स्थानीय अधिकारियों ने दावा किया है कि इनमें से दो खनिकों की पहले ही मौत हो चुकी है। अफगानिस्तान में हाल ही में भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के कारण जान-माल की काफी क्षति हुई है। इसके अलावा, अफगानिस्तान में लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था और अत्यधिक मानवीय संकट के कारण, देश के नागरिक गुजारा करने में असमर्थ हैं। पहले से ही गरीबी से जूझ रहे अफगानिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय अलगाव और 2021 में तालिबान के अधिग्रहण से उत्पन्न आर्थिक उथल-पुथल के कारण खुद को और अधिक गरीबी में डूबता हुआ पाया

# दिल्ली-एनसीआर में हुई बारिश...गिरा तापमान पंजाब समेत इन राज्यों में अलर्ट जारी



**नेशनल डेस्क**- भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि दिल्ली और उसके आसपास के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में मंगलवार सुबह हल्की बारिश हुई, जिससे न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, दिन में और बारिश होने की भविष्यवाणी की गई है। मौसम विभाग ने कहा, आमतौर पर आसमान में बादल छाए रहेंगे और एक या दो स्थानों पर बूंदाबांदी की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश- 25.5 और 11.8 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम कार्यालय ने सोमवार को कहा कि इस बीच, लाहौल और स्पीति, किन्नौर के कुछ हिस्सों और हिमाचल प्रदेश में कुल्लू और चंबा जिलों के ऊंचे इलाकों में मध्यम से भारी बर्फबारी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ ने शनिवार से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित किया है, जिससे कुल्लू-मनाली और लाहौल और स्पीति के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी दर्ज की गई है। लाहौल और स्पीति जिले के कुसुमसेरी, उदयपुर, गोंडला, केलोंग और हंसा में क्रमशः 50.6 सेमी, 39 सेमी, 27 सेमी, 21 सेमी और 11 सेमी बर्फबारी हुई, जबकि भरमौर के अलावा किन्नौर जिले के कल्पा और पूक में 2.6 सेमी और एक सेमी बर्फबारी हुई। इसके साथ चम्बा में 12 सेमी बर्फबारी हुई। आईएमडी ने अनुमान लगाया है कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 21 फरवरी तक भारी बारिश/बर्फबारी की गतिविधि जारी रहने की संभावना है और 19-21 फरवरी के दौरान उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में बारिश की गतिविधि जारी रहने की संभावना है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश/बर्फबारी होगी। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा में अलग-अलग स्थानों पर ओले गिरे। जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, पश्चिम उत्तर प्रदेश और राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश/बिजली गिर सकती है। हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर तेज हवाएं (40-60 किमी प्रति घंटे) की गति से चल रही हैं। मौसम विभाग ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश के 12 में से सात जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश/बर्फबारी और तूफान के साथ ओलावृष्टि, तेज़ हवाएं और बिजली गिरने का रेड अलर्ट जारी किया था।

# फ्लाइट से कॉलेज आता-जाता है ये छात्र... बोला- सस्ता पड़ता है



**कैलगरी**- कनाडा में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय (यूबीसी) के एक छात्र ने रेडिट पर साझा किया कि वह अपनी कक्षाओं में भाग लेने के लिए हफ्ते में दो बार कैलगरी से वैंकूवर के लिए फ्लाइट लेता है ऐसा इसलिए क्योंकि यह किराया रोड़ से बेहद सस्ता है। कॉलेज जाने के लिए फ्लाइट लेता है ये छात्र टिम चेन ने कहा कि वह कैलगरी का निवासी हैं और अपनी क्लासेस में भाग लेने के लिए मंगलवार और गुरुवार को वैंकूवर फ्लाइट से ही जाता है। उन्होंने जनवरी में वैंकूवर की सात यात्राएँ कीं और उन्हें पता चला कि यह शहर में मासिक किराया देने से सस्ता है। चेन ने लिखा, मैं यूबीसी में एक सुपर कम्प्यूटर हूं और कैलगरी में रहता हूं। मेरे पास कक्षा के लिए स्कूल जाने के लिए दो दिन हैं (मंगलवार और गुरुवार), मैं सुबह वैंकूवर के लिए उड़ान भरता हूं और रात में कैलगरी लौट आता हूं। मैं इन सभी उड़ानों के लिए एयर कनाडा से उड़ान भर रहा हूं, और जनवरी के लिए, मैंने इस तरह से 7 राउंड यात्राएं कीं। मासिक किराये से सस्ती उड़ानें उन्होंने आगे कहा, मैंने पाया कि किराए पर पूरी तरह से बचत हो रही है क्योंकि मुझे कैलगरी में (अपने माता-पिता के साथ रहते हुए) किराए का भुगतान करने की ज़रूरत नहीं है, केवल उपयोगिताओं के लिए भुगतान करने के अलावा, और यह वैंकूवर में 2 हजार से अधिक के लिए 1 बी किराए पर लेने की तुलना में बहुत सस्ता है। कैलगरी से वैंकूवर तक एक राउंड ट्रिप का खर्च आमतौर पर 150 होता है, जिससे यह प्रति माह 1200 (99,000 रुपये) हो जाता है। इस बीच, वैंकूवर में एक बेडरूम वाले फ्लैट की कीमत करीब 2100 डॉलर (1.7 लाख रुपये) होगी। नेटिज़न्स की प्रतिक्रिया नेटिज़न्स ने इस पोस्ट पर अपने विचार साझा किए। एक यूजर ने कहा, ईमानदारी से करने योग्य। उड़ान काफी तेज है और उड़ानों पर अच्छे सौदे किराए, भोजन और अन्य लागतों से काफी कम होंगे। एक अन्य ने लिखा, जब आप सोचते हैं कि आपके साथ यह बुरा है, तो किसी के साथ यह और भी बुरा है। एक तीसरे उपयोगकर्ता ने कहा, अगर उड़ानों में देरी हुई तो मेरा सबसे बड़ा डर मध्यावधि और फाइनल के चूक जाने का होगा। फाड़ना। किसी ने पोस्ट किया, और फिर मैं हूं जो कैंपस में रहता हूं और फिर भी कक्षाएं नहीं लेता।

# कारगिल में महसूस किए गए भूकंप के झटके रिक्टर स्केल पर 5.2 मापी गई तीव्रता



**नेशनल डेस्क:** कारगिल में सोमवार को भूकंप के तेज झटके लगे हैं। जानकारी के मुताबिक, कारिग के पास लद्दाख क्षेत्र में करीब 5.2 की तीव्रता से भूकंप के झटके लगे। पाकिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप रात 9 बजकर 35 मिनट पर आया। भूकंप का केंद्र कारगिल में था। जम्मू-कश्मीर में भी में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। श्रीनगर और कश्मीर घाटी के अन्य हिस्सों में कुछ सेकंड के लिए झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके रात 9.35 बजे लद्दाख क्षेत्र के उत्तर में 10 किमी की गहराई में महसूस किए गए। भूकम्प के कारण जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

# 31 मार्च तक तैयार हो जाएगी सेना में महिलाओं को प्रमोशन देने की नीति, केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा



**नेशनल डेस्क:** केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को सोमवार को बताया कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों को उच्चतर पद दिये जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता आर बालासुब्रमण्यन की दलील पर गौर किया और निर्देश दिया कि एक अप्रैल तक एक अद्यतन स्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाए। पीठ में जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। बालासुब्रमण्यन ने पीठ से कहा, ''महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति और नियमित बड़ी इकाई में कमान सौंपे जाने पर एक विस्तृत नीति 31 मार्च 2024 तक लागू हो जाएगी। कुछ महिला अधिकारियों का अदालत में प्रतिनिधित्व कर रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता वी मोहन ने कहा कि पदोन्नत किए गए सभी 225 पुरुष अधिकारियों को नियमित बड़ी इकाइयों में कमान सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि 108 महिला अधिकारियों में से केवल 32 को नियमित इकाइयों में कमान सौंपी गई है। पिछले साल चार दिसंबर को शीर्ष अदालत को बताया गया था कि भारतीय थलसेना में महिला अधिकारियों के करियर में प्रगति के मुद्दे का हल करने के लिए एक नीति तैयार करने और कर्नल से ब्रिगेडियर रैंक पर उनकी पदोन्नति पर विचार करने का कार्य जारी है। उस वक्त शीर्ष अदालत ने सेना को एक नीति तैयार करने के लिए 31 मार्च 2024 तक का समय दिया था। कुछ महिला अधिकारियों ने कर्नल से ब्रिगेडियर के रैंक में पदोन्नति में भेदभाव किये जाने का आरोप लगाया है। शीर्ष अदालत ने 17 फरवरी 2020 को एक ऐतिहासिक फैसले में आदेश दिया था कि सेना में महिला अधिकारियों के लिए एक स्थायी 'कमीशन% हो। अदालत ने कहा था कि सभी सेवारत 'शॉर्ट सर्विस कमीशन' (एसएससी) महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन प्रदान करने पर तीन महीने के अंदर विचार करना होगा। बाद में, 17 मार्च 2020 को एक अन्य महत्वपूर्ण फैसले में शीर्ष अदालत ने भारतीय नौसेना में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करते हुए कहा था कि समान अवसर यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं के पास भेदभाव के अतीत से बाहर निकलने का मौका है।

## इस्लामाबाद एचसी में पेश न होने पर कार्यवाहक पीएम काकड़ को लगी फटकार- कानून से ऊपर नहीं आप



*इस्लामाबाद- पाकिस्तान की एक अदालत ने सोमवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ को कई लापता बलोच छात्रों से संबंधित मामले में दूसरी बार पेश होने में विफल रहने पर नाखुशी जताई और कहा कि ''कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मोहसिन अख्तर कयानी ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ''कार्यवाहक प्रधानमंत्री को अदालत में आने को अपमान नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा, ''कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। प्रधानमंत्री को इसलिए बुलाया गया क्योंकि वह जवाबदेह हैं। उच्च न्यायालय ने सुनवाई 28 फरवरी तक के लिए स्थगित करते हुए काकड़ को फिर से तलब किया। यह दूसरी बार है जब कार्यवाहक प्रधानमंत्री अदालत के सामने पेश होने में विफल रहे हैं। पिछले साल नवंबर में अदालत ने सरकार को लापता छात्रों को सात दिन के भीतर बरामद करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि यदि अधिकारी आदेश का पालन करने में विफल रहे तो काकड़ अपने मंत्रियों और संबंधित मंत्रालयों के सचिवों के साथ 29 नवंबर को अदालत में पेश होंगे।*

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569